दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
# वेलकम इंडिया
RNI NO. UPHIN/2018/76874
नये भारत की नई सोच

वर्षः 07 अंकः 126 | सोमवार, 11 मई-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

# डीएमके-एआईएडीएमके का किला ढहा, विजय के सिर सजा मुख्यमंत्री का ताज

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**






**तमिलनाडु।** तमिलगा वेट्री कझगम (TVK) के प्रमुख सी. जोसेफ विजय ने आज रविवार (10 मई, 2026) को चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। लगभग पिछले छह दशकों से चले आ रहे डीएमके और एआईएडीएमके के बारी-बारी शासन का अब अंत हो गया है।

उन्होंने राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर के सामने बहुमत साबित करने के लिए कई दिनों तक चले संघर्ष के बाद शपथ ली। तमिलनाडु के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने शपथ दिलाई।

इस बीच, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, विजय के माता-पिता, अभिनेत्री तृषा कृष्णन और अन्य लोग इस अवसर का हिस्सा बनने के लिए जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में मौजूद थे। राज्यपाल ने अभिनेता-राजनेता विजय को निर्देश दिया कि वे 13 मई को या उससे पहले विधानसभा में विश्वास मत हासिल करें।

## वीसीके और आईयूएमएल के समर्थन से बनी सरकार

शनिवार को विदुथलाई चिरुथैगल काची और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग ने टीवीके को बिना किसी शर्त के समर्थन दिया। इस समर्थन की मदद से विजय 234 सदस्यों वाली विधानसभा में बहुमत के लिए जरूरी 120 सीटों का आंकड़ा पार करने में सफल रहे। कांग्रेस, सीपीआई और सीपीएम ने पहले ही टीवीके का समर्थन दे दिया था।

## नौ मंत्रियों ने भी ली शपथ

तमिलगा वेट्री कझगम के नौ नेताओं ने रविवार को तमिलनाडु के मंत्री के रूप में शपथ ली। इनमें अनुभवी नेता के.ए. सेंगोत्तैयन भी शामिल थे, जो एआईएडीएमके से निकाले जाने के बाद विजय पार्टी में शामिल हुए थे। विजय के साथ शपथ लेने वाले अन्य लोगों में आधव अर्जुन शामिल थे, जिन्हें विजय के भरोसेमंद रणनीतिकारों में से एक माना जाता है। सीटीआर निर्मल कुमार, जो बीजेपी के पूर्व पदाधिकारी थे और मदुरै के तिरुपरनकुंड्रम से जीते थे। 'बुस्सी' आनंद, जो टीवीके के महासचिव हैं। राजमोहन, जो टीवी और फिल्म जगत की जानी-मानी हस्ती हैं। केटी प्रभु, जो पेशे से डेंटिस्ट थे और बाद में राजनेता बने और कराईकुडी से जीत हासिल की। अरुणराज, जो भारतीय राजस्व सेवा के पूर्व अधिकारी हैं। पी वेंकटरमणन, जो चेन्नई के मायलापुर से विधायक हैं और 28 साल की एस कीर्तना, जो कैबिनेट में सबसे कम उम्र का चेहरा हैं।

## दो साल पहले हुआ था टीवीके का गठन

मात्र दो साल पहले गठित हुई टीवीके ने पिछले महीने हुए विधानसभा चुनावों में जबरदस्त शुरूआत की और राज्य की 234 सीटों में से 108 सीटें जीतीं। हालांकि, पार्टी बहुमत के आंकड़े 118 तक पहुंचने में असफल रही। इसके बाद विजय ने संभावित सहयोगियों के साथ गठबंधन को लेकर कई दौर की बातचीत की और यह साबित करने के लिए कि सरकार बनाने के लिए उनके पास पर्याप्त संख्या बल है, वे राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से चार बार मिले। चूंकि विजय दो निर्वाचन क्षेत्रों से चुने गए थे और उन्हें एक सीट खाली करनी होगी। इसलिए गठबंधन का कुल आंकड़ा 116 रहा जो साधारण बहुमत के लिए जरूरी जादुई आंकड़े से दो कम है।

## विजय की घोषणाएं

सीएम जोसेफ विजय ने बच्चों का शुक्रिया अदा किया और कहा कि टीवीके की जीत उन्हीं की वजह से हुई, क्योंकि उन्होंने अपने परिवारों को उनकी पार्टी के लिए वोट देने के लिए राजी किया। इसके साथ ही उन्होंने सरकार बनाने के लिए अपनी पार्टी को समर्थन देने के लिए कांग्रेस, वीसीके और वामपंथी दलों का धन्यवाद किया। सीएम विजय ने कहा कि एक ताजा और नई शासन-व्यवस्था की शुरूआत हो गई है। अब वास्तविक, धर्मनिरपेक्ष और सामाजिक न्याय के एक नए युग का आरंभ हो रहा है। उनका कहना है कि उनके अलावा कोई अन्य सत्ता केंद्र नहीं होगा।

सत्ता का एकमात्र केंद्र वही होंगे। विजय ने नशीले पदार्थों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया और कहा, 'मैं लोगों का एक भी पैसा नहीं छूऊंगा।' उन्होंने लोगों से अपील की कि वे उन्हें बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए उचित समय दें।

### द्रविड़ पार्टियों की विरासत पर विजय ने लगाया विराम

विजय की पार्टी टीवीके ने तमिलनाडु चुनावों में जबरदस्त जीत हासिल की। उन्होंने द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम (डीएमके) और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम (एआईएडीएमके) जैसी पारंपरिक ताकतों को पछाड़ दिया। इन द्रविड़ पार्टियों का राज्य की राजनीति में कई दशकों से दबदबा था। विजय ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के तौर पर एम.के. स्टालिन की जगह ली है।

### द्रविड़ पार्टियों की विरासत पर विजय ने लगाया विराम

विजय की पार्टी टीवीके ने तमिलनाडु चुनावों में जबरदस्त जीत हासिल की। उन्होंने द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम (डीएमके) और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम (एआईएडीएमके) जैसी पारंपरिक ताकतों को पछाड़ दिया। इन द्रविड़ पार्टियों का राज्य की राजनीति में कई दशकों से दबदबा था। विजय ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के तौर पर एम.के. स्टालिन की जगह ली है।

## सीएम पद की शपथ लेते ही जोसेफ विजय को मिली पीएम मोदी की बधाई, कहा- मिलकर करेंगे विकास



टीवीके प्रमुख एवं उसके विधायक दल के नेता विजय ने रविवार को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। मुख्यमंत्री के रूप में तमिलनाडु का पदभार संभालने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) प्रमुख सी जोसेफ विजय को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई दी और कहा कि केंद्र सरकार लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए राज्य सरकार के साथ मिलकर काम करती रहेगी। प्रशंसकों के बीच थलपति के नाम से मशहूर सी. जोसेफ विजय ने रविवार को चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली, जो राज्य में एक बड़ा राजनीतिक बदलाव है। इस दौरान कांग्रेस नेता राहल गांधी भी मौजूद रहे। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने चेन्नई में आयोजित एक भव्य समारोह में उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''सी. जोसेफ विजय को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई। उनके आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं। केंद्र सरकार तमिलनाडु सरकार के साथ मिलकर लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए काम करती रहेगी।

## 'नई पीढ़ी, नई आवाज, नई सोच', राहुल गांधी ने जोसेफ विजय को दी बधाई बोले- तमिलनाडु ने चुन लिया अपना थलापति



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को केसी जोसेफ विजय को बधाई दी। विजय ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के तौर पर पदभार संभाला है। उनकी पार्टी, 'तमिलगा वेट्री कझगम' ने अपने पहले ही चुनाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए 234 सदस्यों वाली विधानसभा में 108 सीटें हासिल की हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तमिलनाडु में विजय के नेतृत्व वाली टीवीके सरकार की तारीफ करते हुए कहा, 'एक नई पीढ़ी, एक नई आवाज, एक नई सोच।' उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, "तमिलनाडु मे अपना फैसला सुना दिया है। थिरु विजय को मेरी शुभकामनाएं। उम्मीद है कि वे तमिलनाडु की जनता की उम्मीद पर खरे उतरेंगे।" राहुल गांधी ने चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में थलापति विजय के शपथ ग्रहण समारोह में भी शिरकत की। विजय के नेतृत्व वाली टीवीके ने राज्य विधानसभा चुनावों में एक बड़ी चुनौती बनकर उभरी। उसने पारंपरिक द्रविड़ पार्टियों, DMK और AIADMK के 50 साल पुराने वर्चस्व को तोड़ दिया। हालांकि, टीवीके बहुमत के आंकड़े से पीछे रह गई। इसके बाद कांग्रेस ने गठबंधन में शामिल होकर विजय को अपने पांच विधायकों का समर्थन दिया। साथ ही स्टालिन के नेतृत्व वाली DMK से अपने संबंध तोड़ लिए।

## गौतम विहार में 16 साल के लड़के की हत्या, एफएसएल और पुलिस टीमों की जांच तेज



**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**हैदराबाद।** रविवार को उत्तर-पूर्वी दिल्ली के न्यू उस्मानपुर थाना क्षेत्र के गौतम विहार में एक 16 वर्षीय लड़के की चाकू मारकर हत्या कर दी गई, जिससे हिंसक अपराध की एक और चौंकाने वाली घटना सामने आई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे, वहीं फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की टीमें भी सबूत जुटाने और घटनास्थल की जांच करने के लिए तैनात की गईं। अधिकारियों ने बताया कि हत्या के पीछे के मकसद का पता लगाने और इसमें शामिल लोगों की पहचान करने के लिए जांच जारी है। पीड़ित की पहचान अभी तक उजागर नहीं की गई है। जांचकर्ता स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रहे हैं और हमले से पहले की घटनाओं का क्रम जानने के लिए आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रहे हैं। गौतम विहार हत्याकांड दिल्ली में हाल के हफ्तों में सामने आई हिंसक चाकूबाजी की घटनाओं के बीच हुआ है, जिससे चिंता बढ़ती जा रही है। कुछ ही हफ्ते पहले, दक्षिण दिल्ली के चित्तरंजन पार्क में कथित वित्तीय विवाद के चलते एक पिता-पुत्र की बेरहमी से चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतकों की पहचान राकेश सूद और उनके बेटे करण सूद के रूप में हुई है। दोनों अपने घर के बाहर गंभीर रूप से घायल पाए गए और बाद में अस्पताल में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस की प्रारंभिक जांच के अनुसार, करण, जो अपने पिता के संपत्ति व्यवसाय में उनकी मदद करता था, का उस दिन पहले किसी से झगड़ा हुआ था।

## पीएम मोदी आज हैदराबाद दौरे पर, 9500 करोड़ की सौगात और बीजेपी रैली से बदलेंगे दक्षिण का मिजाज

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**हैदराबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को यहां करीब 9,500 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन या शिलान्यास करेंगे और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की एक रैली को संबोधित करेंगे। ये परियोजनाएं सड़क, परिवहन, कपड़ा, रेलवे और ईंधन सहित कई प्रमुख क्षेत्रों से जुड़ी हैं। मोदी ने शनिवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट साझा कर कर्नाटक और तेलंगाना की अपनी यात्रा का विवरण साझा किया। प्रधानमंत्री 'सिंधु अस्पताल' को राष्ट्र को समर्पित करने के कार्यक्रम में भी भाग लेंगे।

मोदी ने पोस्ट में कहा, ''मैं शाम को शहर में भाजपा की एक सभा को संबोधित करूंगा। पिछली भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) सरकार और मौजूदा कांग्रेस सरकार के कुशासन से निराश तेलंगाना भाजपा की ओर देख रहा है। हमें मिल रहा अभूतपूर्व समर्थन बताता है कि हमारी पार्टी तेलंगाना की पहली पसंद है।'' सूत्रों ने बताया कि मोदी के हैदराबाद में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू और उनके उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण के आवासों पर जाने की संभावना है। कल्याण का स्वास्थ्य संबंधी समस्या के बाद अप्रैल में ऑपरेशन हुआ था और वह अपने आवास पर स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। कल्याण ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि तेलंगाना 9,400 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं के शिलान्यास के लिए आ रहे प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करता है। उन्होंने कहा, ''राज्य में बुनियादी ढांचे, संपर्क सुविधा और आर्थिक वृद्धि को मजबूत करने, युवाओं के लिए नए अवसर पैदा करने और तेलंगाना के विकास को गति देने की प्रतिबद्धता के लिए मैं राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की केंद्र सरकार का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।'' इस बीच, केंद्र सरकार के एक अधिकारी ने यहां हैदराबाद इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (एचआईसीसी) में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा विकास परियोजनाओं का डिजिटल माध्यम से उद्घाटन किए जाने संबंधी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी को शनिवार को आमंत्रित किया। प्रधानमंत्री हैदराबाद-पणजी आर्थिक गलियारे को चार लेन का बनाने और जहीराबाद औद्योगिक क्षेत्र सहित कई परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। मोदी रेलवे की काजीपेट-विजयवाड़ा मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना के विभिन्न खंडों, हैदराबाद में ग्रीनफील्ड पेट्रोलियम, तेल एवं स्नेहक (पीओएल) टर्मिनल और वारंगल में प्रधानमंत्री मित्र पार्क का उद्घाटन करेंगे। भाजपा की तेलंगाना इकाई के मुख्य प्रवक्ता एन वी सुभाष ने कहा है कि पार्टी तेलंगाना को ऐसे राज्य के रूप में देखती है, जहां वह अपने दम पर सत्ता में आ सकती है। भाजपा की प्रदेश इकाई ने रैली के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं और इस कार्यक्रम में करीब दो लाख लोगों के शामिल होने की संभावना है। पुलिस ने रैली के लिए सुरक्षा, कानून-व्यवस्था और यातायात के व्यापक इंतजाम किए हैं। प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था के लिए करीब 2,000 पुलिसकर्मियों और 620 यातायात पुलिसकर्मियों के साथ विशेष इकाइयों को तैनात किया गया है।

## असम में फिर से मुख्यमंत्री बनेंगे हिमंता, विधायक दल की बैठक में नेता चुने गए

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**असम।** असम भाजपा विधायक दल की बैठक में हिमंता बिस्वा सरमा के नाम पर मुहर लगा दी गई है। राज्य की राजनीति में अपनी रणनीतिक कुशलता और विकासवादी छवि के लिए जाने जाने वाले सरमा लगातार दूसरी बार राज्य की कमान संभालेंगे। वह 12 मई को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। हिमंता बिस्वा सरमा को असम विधानसभा में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए का नेता चुना गया है। वह 12 मई को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। इस बैठक में नड्डा और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी केंद्रीय पर्यवेक्षक और सह-पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे। बैठक के बाद जेपी नड्डा ने बताया कि भाजपा के आठ विधायकों ने सरमा का नाम विधायक दल के नेता के रूप में प्रस्तावित किया। इससे पहले, असम भाजपा विधायक दल की बैठक सुबह यहां आयोजित की गई, ताकि अपना नेता चुना जा सके जो पूर्वोत्तर राज्य में नई सरकार का नेतृत्व भी करेगा। नड्डा ने कहा कि गठबंधन के अन्य सहयोगियों- असम गण परिषद और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट ने भी सरमा के नामांकन का समर्थन किया, जिसके चलते उन्हें सर्वसम्मति से एनडीए का नेता चुन लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि सरमा और एनडीए के अन्य नेताओं का रविवार देर शाम लोक भवन में राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य से मिलने का कार्यक्रम है, ताकि सरकार गठन से संबंधित मामलों पर चर्चा की जा सके। उम्मीद है कि वे राज्यपाल के साथ बैठक के दौरान अगली सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे। भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए ने विधानसभा चुनावों में दो-तिहाई बहुमत के साथ राज्य में लगातार तीसरी बार जीत हासिल की है।

## योगी आदित्यनाथ का बड़ा दांव, कैबिनेट विस्तार से साधे कई समीकरण, 6 नए चेहरों को मिली जगह

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में आज का दिन राजनीतिक रूप से काफी खास रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार का आज दूसरा मंत्रिमंडल विस्तार हुआ। इस मंत्रिमंडल विस्तार के तहत छह नये मंत्रियों को मंत्री पद की शपथ दिलायी गयी। साथ ही दो राज्य मंत्रियों को पदोन्नत करके स्वतंत्र प्रभार दिए गए। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में हुए इस मंत्रिमंडल विस्तार में समाजवादी पार्टी (सपा) से बगावत करने वाले विधायक मनोज पांडेय और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी भी शामिल हैं। इन दोनों ही नेताओं को कैबिनेट मंत्री पद की शपथ दिलायी गयी है। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने जन भवन में आयोजित समारोह में इन मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। इसके अलावा चार और मंत्रियों को भी राज्य मंत्री पद की शपथ दिलायी गयी जिनके नाम हैं - हंसराज विश्वकर्मा, कैलाश राजपूत, कृष्णा पासवान और सुरेंद्र दिलेर। इसके अलावा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री अजीत सिंह पाल और ऊर्जा राज्य मंत्री सोमेंद्र तोमर को स्वतंत्र प्रभार के राज्य मंत्री पद की शपथ दिलायी गयी। इस दूसरे मंत्रिमंडल विस्तार से कहा जा रहा है कि योगी सरकार में मंत्री कई जातीय समीकरण साधे हैं। मंत्री बनने वाले नये लोगों में मनोज पांडेय ब्राह्मण, भूपेंद्र चौधरी, हंसराज विश्वकर्मा और कैलाश राजपूत अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) तथा कृष्णा पासवान और सुरेंद्र दिलेर दलित वर्ग से ताल्लुक रखते हैं। राज्य विधानसभा चुनाव से करीब आठ माह पहले किये गये इस मंत्रिमंडल विस्तार से पहले प्रदेश सरकार में कुल 54 मंत्री थे, जिनकी संख्या बढ़कर अब 60 हो गयी है। मंत्रिमंडल का पहला विस्तार पिछले लोकसभा चुनाव से पहले पांच मार्च 2024 को हुआ था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार की शाम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुलाकात करके मंत्रिमंडल विस्तार पर चर्चा की थी।

## बेंगलुरु में पीएम मोदी के कार्यक्रम स्थल से कुछ ही दूरी पर मिला विस्फोटक, हाई अलर्ट पर सुरक्षा एजेंसियां

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**बेंगलुरु।** कर्नाटक पुलिस ने रविवार को बताया कि बेंगलुरु में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक कार्यक्रम में शामिल होने के कार्यक्रम स्थल के पास से कम से कम दो जिलेटिन स्टिक बरामद की गईं। इस घटना के बाद व्यापक सुरक्षा अलर्ट जारी किया गया और पुलिस एवं सुरक्षा एजेंसियों ने गहन जांच शुरू की। प्रधानमंत्री मोदी के आगमन से कुछ घंटे पहले बेंगलुरु के आर्ट ऑफ लिविंग सेंटर से लगभग तीन किलोमीटर दूर एक फुटपाथ के किनारे से जिलेटिन स्टिक बरामद की गईं।

पुलिस ने बताया कि कार्यक्रम से पहले अनिवार्य स्वच्छता अभियान के दौरान ये स्टिक मिलीं। इस घटना के बाद सुरक्षा एजेंसियां तुरंत सक्रिय हो गईं और मौजूदा बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था को और भी मजबूत कर दिया गया।

जल्द ही, स्टिक को सुरक्षित करने और आसपास के क्षेत्र की दोबारा तलाशी लेने के लिए बम निरोधक एवं पहचान दस्ते (बीडीडीएस) को मौके पर तैनात किया गया।

पुलिस ने बताया कि विस्फोटकों के स्रोत का पता लगाने और यह जानने के लिए व्यापक जांच शुरू कर दी गई है कि क्या उन्हें वीवीआईपी की आवाजाही के समय जानबूझकर रखा गया था।

एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है और पुलिस स्थानीय निर्माण संबंधी लापरवाही या जानबूझकर सुरक्षा खतरे सहित सभी संभावित पहलुओं की जांच कर रही है।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि इन विस्फोटकों के स्रोत और कार्यक्रम स्थल के पास इनकी मौजूदगी के पीछे के मकसद का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।

इससे पहले दिन में, प्रधानमंत्री मोदी ने बेंगलुरु में आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन के 45वें स्थापना दिवस समारोह में भाग लिया।

## संपादक की कलम से

# घर की पहली शिक्षक: माँ और बदलता पालन-पोषण



ललित शर्मा
संपादक

माँ केवल एक शब्द नहीं, बल्कि जीवन की सबसे गहरी अनुभूति है। संसार में बच्चे की पहली पहचान, पहला स्पर्श, पहला भरोसा और पहली शिक्षा माँ से ही शुरू होती है। किसी भी समाज की सभ्यता और संवेदनशीलता इस बात से आँकी जा सकती है कि वहाँ मातृत्व को कितना सम्मान और महत्व दिया जाता है। आधुनिक समय में भले ही शिक्षा के बड़े–बड़े संस्थान, डिजिटल तकनीक और करियर की दौड़ ने जीवन की दिशा बदल दी हो, लेकिन आज भी यह सत्य उतना ही मजबूत है कि बच्चे की पहली शिक्षक उसकी माँ ही होती है। बच्चा जब जन्म लेता है, तब वह इस दुनिया की भाषा नहीं जानता। वह शब्दों को नहीं समझता, लेकिन भावनाओं को महसूस करता है। माँ की गोद में उसे सुरक्षा मिलती है, उसके स्पर्श में अपनापन और उसकी आवाज में विश्वास मिलता है। यही वह शुरूआती शिक्षा है जो किसी किताब या स्कूल में नहीं मिलती। माँ बच्चे को केवल चलना या बोलना नहीं सिखाती, बल्कि जीवन को समझना भी सिखाती है। प्यार क्या होता है, दूसरों का सम्मान कैसे करना चाहिए, दुख में धैर्य कैसे रखना चाहिए और रिश्तों को कैसे निभाना चाहिए—इन सबका पहला पाठ घर में माँ ही पढ़ाती है। विद्यालय बच्चों को विज्ञान, गणित और भाषा सिखाते हैं, लेकिन नैतिक मूल्य घर से आते हैं। बच्चा अपनी माँ के व्यवहार को रोज देखता है। वह देखता है कि माँ पूरे परिवार की जरूरतों का ध्यान कैसे रखती है, बिना थके हर सदस्य की चिंता कैसे करती है और अपने हिस्से की इच्छाओं का त्याग करके परिवार को प्राथमिकता कैसे देती है। यही दृश्य बच्चे के भीतर संवेदनशीलता, सहानुभूति और जिम्मेदारी की भावना पैदा करते हैं। बच्चा बोलने से पहले देखना सीखता है और वही देखी हुई बातें उसके व्यक्तित्व का हिस्सा बन जाती हैं। माँ बच्चे के चरित्र निर्माण की सबसे बड़ी आधारशिला होती है। यदि घर का वातावरण प्रेमपूर्ण और सम्मानजनक होगा, तो बच्चा भी समाज के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करेगा। यदि माँ दूसरों के प्रति दया और सहानुभूति दिखाती है, तो बच्चा भी वही सीखता है। यही कारण है कि समाज की वास्तविक शिक्षा घरों में होती है, स्कूलों में केवल उसका विस्तार होता है। लेकिन बदलते समय के साथ पालन–पोषण का स्वरूप भी बदल रहा है। आज की दुनिया पहले जैसी नहीं रही। महंगाई, करियर की प्रतिस्पर्धा और आधुनिक जीवनशैली ने परिवारों की संरचना और रिश्तों के स्वरूप को प्रभावित किया है। पहले संयुक्त परिवारों में बच्चे दादा–दादी, चाचा–चाची और पूरे परिवार के बीच बड़े होते थे। अब अधिकांश परिवार छोटे हो गए हैं। माता–पिता दोनों कामकाजी हैं और बच्चों के साथ बिताने का समय सीमित होता जा रहा है। विशेष रूप से कामकाजी माताओं के सामने आज सबसे बड़ी चुनौती है—करियर और मातृत्व के बीच संतुलन बनाना। समाज अक्सर यह मान लेता है कि यदि माँ घर से बाहर काम कर रही है तो वह बच्चों को पर्याप्त समय नहीं दे पा रही होगी। लेकिन यह सोच अधूरी है। आज की माँ केवल घर संभालने तक सीमित नहीं है, बल्कि वह आर्थिक जिम्मेदारियाँ भी निभा रही है। वह ऑफिस में काम करती है, घर लौटकर बच्चों की देखभाल करती है और परिवार की भावनात्मक जरूरतों को भी पूरा करती है। यह दोहरी जिम्मेदारी आसान नहीं है। कई बार कामकाजी माताएँ अपराधबोध का शिकार हो जाती हैं कि वे अपने बच्चों को उतना समय नहीं दे पा रहीं जितना देना चाहिए।

## गाँव हमारा जग में है न्यारा

उदय किशोर साह



कविता

गाँव हमारा हमें शहरों से है न्यारा
प्रेम की बहती जहाँ निर्मल सा धारा
ना किसी से ईर्ष्या ना किसी से द्वेष
ना है वैमनस्यता ना है कहीं क्लेश

गाँव हमारा जग में है अति न्यारा
जिसकी मिट्टी से महकता जीवन सारा
कल कल बहती नदियों की अमृत धार
तृप्त करती है ये प्यासे धरती जवार

गॉव हमारा स्वर्ग से भी है यहाँ न्यारा
सुख समृद्धि से भरा पर्णकुटी हमारा
गृहस्थ जीवन की है पावन ये संसार
अमन चैन से सजी है जहाँ की दरवार

गाँव हमारा देवी देवताओं को प्यारा
पर्वत जंगल में बसे हैं जैसे सितारा
शुद्ध पवन जल शुद्ध भोजन शाकाहार
घर घर विराजते कूल देवी हमार

गाँव हमारा सुख शांति है हमें प्यारा
ध्वनि प्रदुषण से दूर बसे ये किनारा
बरगद पीपल की मिलती है जहाँ छाँव
ग्रामीण परिवेश ग्रामीण का है गाँव

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।


# लोकतंत्र : हकीकत या भ्रम ?



तनवीर जाफरी
लेखक

पिछले दिनों देश के पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव संपन्न हुये। इनमें सबसे अधिक चर्चा पश्चिम बंगाल चुनाव परिणामों की रही। चर्चा का कारण था पश्चिम बंगाल राज्य में पहली बार दक्षिणपंथी भारतीय जनता पार्टी का सत्ता में आना। दरअसल पश्चिम बंगाल एक ऐसा राज्य है जहाँ प्रायः धर्मनिरपेक्ष सत्तारूढ़ दलों का लंबे समय तक राज करने का इतिहास रहा है। मिसाल के तौर पर स्वतंत्रता के बाद 1947 से लेकर 1977 तक यानी लगभग 30 वर्षों तक यहाँ लगातार कांग्रेस की सरकार रही। कांग्रेस शासन में बिधान चंद्र रॉय, प्रफुल्ल चंद्र सेन, और सिद्धार्थ शंकर रे जैसे दिग्गज नेता राज्य के मुख्यमंत्री रहे थे। बाद में 1977 में कांग्रेस को हराकर वाम मोर्चा सत्ता में आया और लगातार 34 वर्षों वामपंथी सरकार का शासन रहा। उसके बाद कांग्रेस छोड़कर अपनी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस बनाने वाली ममता बनर्जी ने मई 2011 में सत्ता संभाली और मई 2026 तक यानी लगातार 15 वर्षों तक पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया है। लगातार तीन कार्यकालों तक सत्ता संभालने वाली राज्य की वह पहली महिला मुख्यमंत्री भी रही हैं। 1947 से लेकर 2026 तक राज्य में जितनी भी सरकारें बनीं वे सभी धर्मनिरपेक्ष सरकारें थीं परन्तु यह पहला मौका है जबकि दक्षिणपंथी विचारधारा की भाजपा ने यहाँ सत्ता संभाली है। 2014 में केंद्र में भाजपा सरकार बनने के बाद जिसतरह सत्ता व अनेक सरकारी संस्थाओं का दुरूपयोग कर, दूसरे राजनैतिक दलों में फूट डालकर या तोड़फोड़कर, भय लालच आदि के बल पर यहाँ तक कि राज्यपालों के पद का खुला राजनैतिक दुरूपयोग कर देश के अनेक राज्यों में भाजपा द्वारा अपनी सरकारें बनाई गयी हैं उसे देखकर पश्चिम बंगाल में भाजपा की इस बार सरकार बनना कोई खास आश्चर्य का विषय नहीं होना चाहिये।

वैसे भी जिसतरह भाजपा को अपनी मनपसंद यानी 'साम्प्रदायिकता' की 'पिच' पर यहाँ खेलने का मौका मिला उसमें निश्चित रूप से उसे महारत हासिल हो चुकी है। जिन शुभेंदु अधिकारी को भाजपा ने अपना पहला मुख्यमंत्री बनाया है वह भी मूल रूप से तृणमूल कांग्रेस के ही नेता थे परन्तु 2020 में भाजपा में शामिल होकर उन्होंने राज्य में भाजपा के आधार का विस्तार किया। यह वही शुभेंदु अधिकारी हैं जिन्हें 2014 में नारदा स्टिंग ऑपरेशन मामले में एक फर्जी कंपनी के प्रतिनिधियों से रंगे हाथ नकद रिश्वत लेते हुए एनडीटीवी के मैथ्यू सैमुअल द्वारा किये गये स्टिंग वीडीओ में दिखाया गया था। 2016 में बंगाल में एक चुनावी सभा में नरेंद्र मोदी ने




शुभेंदु जैसे भ्रष्ट व रिश्वतखोर नेताओं का जिक्र भी किया था। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने मार्च 2017 में नारदा स्टिंग ऑप्रेशन की सीबीआई जांच के आदेश भी दिए थे। स्टिंग ऑप्रेशन के बाद, तृणमूल कांग्रेस के अन्य नेताओं के साथ-साथ शुभेंदु अधिकारी से भी सीबीआई व ईडी ने पूछताछ की थी। बाद में चूँकि शुभेंदु अधिकारी भाजपा में शामिल हो गए इसलिये उन्हें इस मामले में गिरफ़्तार नहीं किया गया। सीबीआई ने 2021 में बताया भी कि उन्होंने शुभेंदु अधिकारी और मुकुल रॉय के खिलाफ जांच के लिए सरकार से आवश्यक मंजूरी न मिलने के कारण कार्रवाई नहीं की। गोया भाजपा की 'वाशिंग मशीन' से पाक साफ होने वाले नेताओं में शुभेंदु अधिकारी भी मुख्य नेता हैं।

इस समय राज्य में भाजपा के निर्वाचित 207 विधायकों में लगभग 35 विधायक ऐसे हैं जो 2021झ 2026 के बीच या उससे पहले तृणमूल, कांग्रेस या वामपंथी दलों से आए हुये 'दलबदलू ' हैं। बहरहाल शुभेंदु अधिकारी अपनी जिस विशेषता के चलते भाजपा की आँखों का तारा बने हैं वह है उनके घोर जहरीले व साम्प्रदायिकतावादी बयान। चुनाव प्रचार से लेकर चुनाव जीतने तक उन्होंने जैसी भाषा का प्रयोग किया है वह किसी धर्मनिरपेक्ष लोकतान्त्रिक देश के किसी नेता की भाषा कतई नहीं कही जा सकती। जैसे कि नंदीग्राम में अपनी जीत के बाद, उन्होंने कहा कि 'मुसलमान मतदाता कट्टरपंथी हैं और उन्होंने टीएमसी को एकतरफा वोट दिया है। उन्होंने कहा कि 'नंदीग्राम की हिंदू जनता ने मुझे फिर से जिताया। वहां मुसलमान वोट पूरा का पूरा ळटउ को मिला। इसलिए, मैं अब नंदीग्राम के हिंदुओं के लिए काम करूँगा'। इसी तरह उन्होंने मतदान के दौरान एक अत्यंत विवादास्पद बयान देते हुये कहा था कि' हिंदू वोट एकजुट होकर बीजेपी को मिले और मुस्लिम वोट टीएमसी को।' उन्होंने एक जनसभा के दौरान मुसलमानों को 'कट्टरवादी' कहते हुये कहा था कि कट्टर मुसलमान ममता बनर्जी के साथ हैं।' भाजपा की जीत के बाद उन्होंने यह भी कहा था कि वह राज्य के अल्पसंख्यकों के लिये नहीं, बल्कि 'हिंदुत्व' के लिए काम करेंगे।

शुभेंदु अधिकारी की मुसलमानों के प्रति नफरत की पराकाष्ठा को उनके दिसंबर 2025 के उस बयान से भी समझा जा सकता है जिसमें उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हुये हमलों के विरोध में कोलकता में आयोजित एक रैली के दौरान कहा था कि बांग्लादेश को भी 'उसी तरह सबक सिखाया जाना चाहिए जैसे इजराइल ने गजा को सिखाया'। उन्होंने आगे कहा कि 'हमारे 100 करोड़ हिंदू और हिंदू हितों के लिए काम कर रही सरकार को उन्हें वैसे ही सबक सिखाना चाहिए'। जरा सोचिये जिस गजा नरसंहार को लेकर दुनिया के कई प्रमुख देश इस्राईल से रिश्ते खत्म कर रहे हैं, जिस गजा नरसंहार की वजह से अंतर्राष्ट्रीय अदालत ने इस्राईली प्रधानमंत्री के विरुद्ध वारण्ट जारी कर रखा है उस तरह के जनसंहार से प्रेरणा लेने वाला व्यक्ति पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री के पद पर 'सुशोभित' हुआ है ? शुभेंदु अधिकारी के इस विवादित बयान के बाद इसपर व्यापक राजनीतिक विवाद उत्पन्न हुआ था। भाजपा विरोधियों ने इसे 'नग्न नफरत भरा भाषण' और 'सामूहिक हत्या और जातीय सफाये के लिए खून की प्यासी कॉल' तक करार दिया था। बहरहाल आज वही शुभेंदु अधिकारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहली पसंद के रूप में उभरे हैं।

ऐसे में सवाल यह है कि सत्ता हथियाने के बाद भ्रष्ट व घोर साम्प्रदायिकतावादी सोच रखने वाले व्यक्ति को मुख्यमंत्री बना देना और ऐसे भ्रष्ट व्यक्ति को सत्ता में लाने के लिये चुनाव आयोग से लेकर अन्य केंद्रीय संस्थाओं का दुरुपयोग करना यहाँ तक कि केंद्रीय सुरक्षा बलों का भी दुरुपयोग करना, मीडिया को अपने पक्ष में बोलने के लिये बाध्य करना आलोचना करने वाले मीडिया व सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर नकेल कसना देश में साम्प्रदायिक विभाजन कराने वाले लोगों को खुली छूट देना क्या यही लोकतंत्र की हकीकत है या फिर हम भारतवासी लोकतंत्र का केवल भ्रम पाले हुये बैठे हैं ?

# जब संविधान बिकने लगे और जनता ताली बजाने लगे: राष्ट्र के पतन की भयावह पटकथा



एन0के0शर्मा
लेखक

जब किसी राष्ट्र का संविधान केवल एक पुस्तक नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों की आशाओं, अधिकारों और भविष्य का जीवित दस्तावेज होता है, तब उसका बिकना केवल कानूनी पतन नहीं होता – वह सभ्यता की आत्महत्या होती है। और उससे भी अधिक भयावह वह क्षण होता है, जब जनता इस आत्महत्या पर शोक मनाने के बजाय ताली बजाने लगती है। क्योंकि जिस दिन जनता अन्याय को उत्सव और दमन को विकास समझने लगे, उसी दिन लोकतंत्र की चिता सजनी शुरू हो जाती है। राष्ट्रों का पतन युद्धों से कम और नागरिक चेतना की मृत्यु से अधिक होता है।

इतिहास गवाह है कि कोई भी साम्राज्य बाहर से उतना नहीं टूटा, जितना भीतर से सड़ चुका था। रोमन साम्राज्य हो, जर्मनी का नाजी उन्माद हो, या आधुनिक लोकतंत्रों में तानाशाही का उभार – हर जगह एक समान दृश्य दिखाई देता है: सत्ता धीरे-धीरे संविधान की आत्मा को खरीदती है, संस्थाओं को गिरवी रखती है, न्यायपालिका को भयभीत करती है, मीडिया को विज्ञापनों और दबावों से पालतू बनाती है, और जनता को धर्म, जाति, राष्ट्रवाद, मनोरंजन तथा झूठे गौरव के नशे में इतना डुबो देती है कि उसे अपने अधिकारों की लाश भी दिखाई नहीं देती।

संविधान किसी राष्ट्र की केवल कानूनी रूपरेखा नहीं होता; वह सत्ता की सीमाएँ तय करने वाला वह नैतिक अनुबंध होता है, जो शासक को राजा बनने से रोकता है। लेकिन जब वही संविधान सत्ता के व्यापारियों, उद्योगपतियों, अपराधियों और अवसरवादी राजनीतिज्ञों के हाथों नीलाम होने लगे, तब संसदें बाजार बन जाती हैं और जनता ग्राहक। फिर कानून न्याय के लिए नहीं, बल्कि विरोध को कुचलने के लिए बनाए जाते हैं। तब लोकतंत्र चुनावों तक सीमित हो जाता है, और चुनाव भी केवल एक महँगा भ्रम रह जाते हैं, जहाँ जनता वोट तो डालती है, पर नीति नहीं तय करती।

सबसे भयावह दृश्य वह नहीं होता जब संविधान का अपमान संसद में होता है; सबसे भयावह दृश्य वह होता है जब भूखी, बेरोजगार, भयभीत और भ्रमित जनता उसी अपमान पर ताली बजाती है। क्योंकि सत्ता की सबसे बड़ी विजय जनता के शरीर पर नहीं, उसकी चेतना पर होती है। जब लोग प्रश्न पूछना छोड़ देते हैं, जब वे अपने अधिकारों को 'राष्ट्रहित' के नाम पर स्वेच्छा से समर्पित कर देते हैं, जब वे हर आलोचक को 'देशद्रोही' और हर सत्ता समर्थक को 'राष्ट्रभक्त' मानने लगते हैं – तब लोकतंत्र केवल शब्दकोश में बचता है, जमीन पर नहीं।

आज दुनिया के अनेक देशों में यह भयावह प्रवृत्ति दिखाई दे रही है। लोकतंत्र का बाहरी ढाँचा जीवित रखा जाता है, पर उसकी आत्मा निकाल ली




जाती है। चुनाव होते हैं, पर विपक्ष कमजोर कर दिया जाता है। मीडिया स्वतंत्र कहलाता है, पर उसकी आवाज खरीदी जा चुकी होती है। अदालतें खुली रहती हैं, पर न्याय की गति सत्ता की सुविधा से तय होती है। विश्वविद्यालय खड़े रहते हैं, पर वहाँ विचार नहीं, भय पढ़ाया जाता है। और जनता? उसे सस्ती भावनाओं, टीवी बहसों, सोशल मीडिया के उन्माद, धार्मिक उत्तेजनाओं और कृत्रिम राष्ट्रवाद के पटाखों में इतना उलझा दिया जाता है कि उसे अपने ही अधिकारों की चोरी दिखाई नहीं देती।

सबसे बड़ी त्रासदी यह है कि संविधान कभी एक दिन में नहीं बिकता। वह धीरे-धीरे बिकता है। पहले कुछ संस्थाएँ समझौता करती हैं। फिर कुछ पत्रकार चुप हो जाते हैं। फिर कुछ न्यायाधीश डर जाते हैं। फिर कुछ बुद्धिजीवी पुरस्कारों और पदों के बदले मौन हो जाते हैं। फिर विश्वविद्यालयों से असहमति गायब हो जाती है। फिर पुलिस कानून की नहीं, सत्ता की भाषा बोलने लगती है। और अंततः जनता इतनी आदतन गुलाम बना दी जाती है कि उसे बेड़ियाँ भी सुरक्षा कवच लगने लगती हैं।

जब किसी देश में नागरिकों की प्राथमिकता रोटी, शिक्षा, स्वास्थ्य और न्याय से हटाकर केवल नारे, चेहरे और धार्मिक उन्माद पर केंद्रित कर दी जाए, तब समझ लेना चाहिए कि लोकतंत्र की रीढ़ तोड़ी जा रही है। क्योंकि भूखा नागरिक प्रश्न नहीं पूछता; भयभीत नागरिक विद्रोह नहीं करता; और अंधभक्त नागरिक संविधान नहीं पढ़ता। सत्ता को ऐसे ही नागरिक चाहिए – भावुक, विभाजित, उत्तेजित और विवेकहीन।

यह भी एक कटु सत्य है कि संविधान को सबसे अधिक खतरा बाहरी दुश्मनों से नहीं, बल्कि उन लोगों से होता है जो स्वयं को उसका रक्षक बताते हैं। इतिहास में हर तानाशाह ने लोकतंत्र की भाषा में ही सत्ता हथियाई। हर दमनकारी शासन ने 'राष्ट्र सुरक्षा', 'संस्कृति रक्षा', 'आर्थिक विकास' या 'जनहित' का मुखौटा पहना। लेकिन इन नारों के पीछे धीरे-धीरे नागरिक स्वतंत्रताओं का गला घोंटा गया। पत्रकार जेलों में डाले गए, लेखक देशद्रोही घोषित किए गए, छात्रों को अपराधी बनाया गया और जनता को यह विश्वास दिलाया गया कि यह सब राष्ट्र की महानता के लिए आवश्यक है।

एक राष्ट्र तब मरना शुरू नहीं करता जब उसकी सीमाएँ टूटती हैं; वह तब मरता है जब उसकी जनता अन्याय देखकर भी मौन रहती है। जब भ्रष्टाचार सामान्य लगने लगे, जब झूठ राजनीतिक कौशल कहलाने लगे, जब कानून गरीब के लिए कठोर और अमीर के लिए लचीला हो जाए, जब संसद में बहस की जगह शोर और सड़कों पर तर्क की जगह हिंसा ले ले – तब समझ लेना चाहिए कि राष्ट्र अपनी नैतिक मृत्यु की ओर बढ़ चुका है।

आज सबसे बड़ा संकट यह नहीं कि सत्ता शक्तिशाली हो गई है; सबसे बड़ा संकट यह है कि जनता ने अपनी शक्ति पहचानना छोड़ दिया है। संविधान की असली ताकत अदालतों, संसदों या किताबों में नहीं होती – वह जागरूक नागरिकों की चेतना में होती है। लेकिन जब नागरिक स्वयं अपनी स्वतंत्रता के खिलाफ खड़े होने लगें, तब तानाशाही को हथियारों की आवश्यकता नहीं पड़ती। तब जनता स्वयं अपनी बेड़ियाँ ढोती है और अपने ही अधिकारों की कब्र खोदती है।

दुनिया के हर बड़े लोकतांत्रिक पतन की शुरूआत जनता की तालियों से हुई है। हिटलर को भी भीड़ ने सराहा था। मुसोलिनी को भी जनता ने महान नेता कहा था। हर युग में भीड़ ने विवेक की हत्या की है और बाद में उसी भीड़ ने अपने बच्चों को युद्ध, भय, गरीबी और रक्तपात में खोया है। भीड़ हमेशा तत्काल भावनाओं से संचालित होती है; राष्ट्र दीर्घकालिक विवेक से बचते हैं। लेकिन जब राष्ट्र भीड़ के हवाले कर दिया जाए, तब संविधान कागज बन जाता है और नागरिकता गुलामी।

यह समय केवल राजनीतिक संकट का नहीं, नैतिक संकट का भी है। प्रश्न केवल यह नहीं कि कौन शासन कर रहा है; प्रश्न यह है कि जनता किस हद तक अपने अधिकार बेचने को तैयार हो चुकी है। क्योंकि सत्ता कभी अकेले तानाशाह नहीं बनती – उसे भीड़ का समर्थन चाहिए, मीडिया का प्रचार चाहिए, उद्योगपतियों का धन चाहिए और नागरिकों की चुप्पी चाहिए। जब ये सब मिल जाते हैं, तब संविधान की हत्या बिना गोली चलाए हो जाती है। और शायद किसी राष्ट्र के लिए इससे बड़ा अभिशाप कोई नहीं कि वहाँ के लोग अन्याय से अधिक मनोरंजन में रुचि लेने लगें। जहाँ बेरोजगारी से अधिक चर्चा किसी अभिनेता, धर्म, जातीय उन्माद या राजनीतिक नारे पर हो; जहाँ अस्पतालों की बदहाली से अधिक महत्व चुनावी रैलियों की भीड़ को दिया जाए; जहाँ किसानों की आत्महत्या से अधिक मूल्य सत्ता के प्रचार को मिले – वहाँ लोकतंत्र धीरे-धीरे शवगृह में बदलने लगता है। यदि जनता अभी भी नहीं जागी, यदि नागरिक अभी भी संविधान को केवल सरकारी किताब समझते रहे, यदि युवा अभी भी प्रश्न पूछने के बजाय केवल डिजिटल भीड़ का हिस्सा बने रहे, तो आने वाले समय में लोकतंत्र केवल राष्ट्रीय पर्वों के भाषणों में बचेगा। तब संसदें होंगी, पर जनता की नहीं; अदालतें होंगी, पर न्याय का साहस नहीं; मीडिया होगा, पर सत्य नहीं; चुनाव होंगे, पर विकल्प नहीं। और तब इतिहास यह नहीं लिखेगा कि संविधान को किसने बेचा। इतिहास यह लिखेगा कि जब संविधान बिक रहा था, तब जनता ताली बजा रही थी।

# मुखौटों का बाजार



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा
लेखक

लाइब्रेरी की पुरानी लकड़ी की महक के बीच सुधीर चश्मा ठीक करते हुए एक पुरानी फाइल पलट रहे थे। सामने मिसेज खन्ना बैठी थीं, जो अपनी मखमली शॉल को बार-बार सहेज रही थीं। यहाँ न कोई फ्लैट था, न कोई युवा जोड़ा। यहाँ अनुभव की वे रेखाएँ थीं जो उम्र के साथ गहरी हो गई थीं। 'सुधीर जी, क्या आपको नहीं लगता कि हम दोनों इस उम्र में एक 'एक्सपेरिमेंट' कर रहे हैं?' मिसेज खन्ना ने अपनी चाय की चुस्की लेते हुए पूछा। सुधीर ने सिर उठाया। उनकी मुस्कुराहट में व्यंग्य की एक महीन धार थी। 'एक्सपेरिमेंट? खन्ना जी, इस उम्र में तो लोग दवाइयों के कॉम्बिनेशन के साथ एक्सपेरिमेंट करते हैं। हम तो बस इस अकेलेपन के डर को 'लिव-इन' का आधुनिक लेबल लगाकर ढकने की कोशिश कर रहे हैं।' मिसेज खन्ना थोड़ा झेंप गईं। 'दुनिया इसे प्रगतिशीलता कहेगी।

हमने समाज के डर से शादी नहीं की, बस साथ रहने का फैसला किया। क्या यह हिम्मत की बात नहीं है?' 'हिम्मत और जरूरत के बीच एक बहुत बारीक धागा होता है,' सुधीर ने फाइल बंद करते हुए कहा। 'हम प्रगतिशील नहीं, दरअसल हम स्वार्थी हो गए हैं। हम चाहते हैं कि सुबह की चाय के वक्त कोई सामने बैठा हो, पर हम यह नहीं चाहते कि उसकी वसीयत या उसकी बीमारियों की जिम्मेदारी हमारे कंधों पर आए। हमारा यह साथ उस नो-पार्किंग जोन की तरह है, जहाँ गाड़ी खड़ी तो है, पर ड्राइवर इंजन बंद नहीं करता कि कभी भी भागना पड़ सकता है।'




मिसेज खन्ना ने खिड़की के बाहर गिरती बर्फ को देखा। 'पर क्या यादें काफी नहीं हैं? हम एक-दूसरे के अतीत में दखल नहीं देते, यही तो इस रिश्ते की खूबसूरती है।' 'यही तो इसकी सबसे बड़ी विडंबना है,' सुधीर का स्वर अब और भी गहरा हो गया था। 'बिना अधिकार के अनुराग कैसा? हम दोनों एक ही छत के नीचे रहते हैं, पर हमारे बीच का फासला उस सरकारी फाइल जैसा है जो एक टेबल से दूसरी टेबल तक पहुँचते-पूँछते दम तोड़ देती है। हम साथ तो हैं, पर वैसे ही जैसे किसी म्यूजियम में रखी दो मूर्तियाँ—पास-पास, पर संवाद शून्य। हमने समाज को तो जीत लिया, पर अपनी ही जड़ों से कट गए।' मिसेज खन्ना उठीं और अपना पर्स सँभाला। 'चलिए, घर चलते हैं। काफी ठंड हो गई है।' सुधीर भी खड़े हो गए। उन्होंने कोट के बटन बंद किए और धीमी आवाज में बोले, 'घर? वह घर नहीं है खन्ना जी, वह बस एक 'को-वर्किंग स्पेस' है जहाँ हम साथ मिलकर बुढ़ापा काटने की कोशिश कर रहे हैं। हम मरेंगे नहीं, हम तो बस धीरे-धीरे अपनी ही आदतों में सिमटते चले जाएँगे।' वे दोनों लाइब्रेरी से बाहर निकले और अलग-अलग दिशाओं से आती अपनी-अपनी टैक्सियों की ओर बढ़ गए। उस शाम शिमला की बर्फ ने उनके पदचिह्नों को उतनी ही जल्दी ढक दिया, जितनी जल्दी वे एक-दूसरे की स्मृतियों से ओझल होने वाले थे। न कोई शोर हुआ, न कोई पछतावा—बस दो चलते-फिरते साये थे, जो भीड़ में खोने के लिए पूरी तरह स्वतंत्र थे।

# स्कूल में जूनियर एवं सीनियर वर्गों के छात्र-छात्राओं के मध्य हाउस वाइस कैरम एवं चेस प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया

लुकमान खान







**पीलीभीत/पूरनपुर(वेलकम इंडिया)।** स्थानीय विद्यालय आर.एस.आर.डी. सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जूनियर एवं सीनियर वर्गों के छात्र-छात्राओं के मध्य हाउस वाइस कैरम एवं चेस प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में बौद्धिक क्षमता, खेल भावना, अनुशासन तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास करना रहा।

विद्यालय परिसर में आयोजित इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह एवं लगन के साथ प्रतिभाग किया तथा अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।जूनियर वर्ग की चेस प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में येलो हाउस की प्रगति अग्निहोत्री ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। रेड हाउस की चित्रांशी वार्ष्णेय द्वितीय स्थान पर रहीं, जबकि तृतीय स्थान पर ब्ल्यू हाउस की आयुषी वर्मा एवं रेड हाउस की विधि पांडे रहीं। जूनियर बॉयज वर्ग में ब्ल्यू हाउस के आदित्य वर्धन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

द्वितीय स्थान पर ब्ल्यू हाउस के क्रिदया सरकार रहे तथा तृतीय स्थान पर येलो हाउस के नवोदय एवं रेड हाउस के माधव खंडेलवाल रहे।जूनियर वर्ग की कैरम प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में येलो हाउस की नंदिनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ब्ल्यू हाउस की ईशा सक्सेना द्वितीय स्थान पर रहीं तथा रेड हाउस की आराध्या कश्यप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बॉयज वर्ग में ब्ल्यू हाउस के शुभ वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि ब्ल्यू हाउस के ही शिखर दीप अग्निहोत्री द्वितीय स्थान पर रहे।

तृतीय स्थान पर येलो हाउस के दयानंद कुमार रहे।सीनियर वर्ग की चेस प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में ब्ल्यू हाउस की पंखुड़ी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर ब्ल्यू हाउस की पलक रहीं, जबकि तृतीय स्थान पर रेड हाउस की साक्षी एवं येलो हाउस की भूमि रहीं। सीनियर बॉयज वर्ग में येलो हाउस के आरुष प्रताप सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ग्रीन हाउस के सानिध्य गुप्ता द्वितीय स्थान पर रहे तथा तृतीय स्थान पर दक्ष एवं अपार गुप्ता रहे।

सीनियर वर्ग की कैरम प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में ब्ल्यू हाउस की पारुल यादव (कक्षा 9 ए) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ब्ल्यू हाउस की पाखी देवी द्वितीय स्थान पर रहीं तथा रेड हाउस की नंदनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं सीनियर बॉयज वर्ग में ग्रीन हाउस के अभिषेक चौहान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ब्ल्यू हाउस के अभिषेक कुमार द्वितीय स्थान पर रहे तथा कृष्णा पांडे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में मुख्य चयनकर्ता के रूप में निर्दोष कुमार एवं निर्णायक के रूप में विक्रमाकर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के प्रधानाचार्य सौरभ वार्ष्णेय तथा उप-प्रधानाचार्य मोहित अवस्थी उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के मानसिक विकास, एकाग्रता एवं नेतृत्व क्षमता को बढ़ाने में अत्यंत सहायक होती हैं।

प्रधानाचार्य सौरभ वार्ष्णेय ने विजयी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा सभी विद्यार्थियों को अनुशासन एवं खेल भावना के साथ निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त आचार्य एवं आचार्या बहनें उपस्थित रहीं तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## लोनी काल्बोर ऐंम आई टी यूनिवर्सिटी के पास वर्षों से पड़ा होता हैं कूड़े का ढेर बीमारियों को दें रहा न्योता : हरीश चन्द्र आजाद



वेलकम इंडिया ब्यूरो

**लोनी काल्बोर।** बेटी बचाओ अभियान कर राष्ट्रीय संयोजक हरीश चन्द्र आजाद ने कहा की लोनी काल्बोर ऐंम आई टी यूनिवर्सिटी के पास कई वर्षों से पड़ा रहता हैं कूड़े का ढेर नगर निगम व स्थानीय नेताओं के इस और ध्यान देना बहुत जरुरी हैं क्योंकि इस गंदगी से बीमारी तो फैलती हैं इसके साथ साथ शहर का नाम भी पूरे देश में खराब होता हैं क्योंकि ऐंम आई टी यूनिवर्सिटी में देश के कोने कोने से बच्चे पढ़ने आते हैं और लोनी काल्बोर की ये दशा देखकर अपने अपने शहर में यहाँ की गदगी की बात भी करते हैं। हरीश आजाद ने कहा शासन व प्रशासन को जल्द से जल्द इस गंदगी को यहाँ से उठाना चाहिए और इस गंदगी को यहाँ इकठ्ठा ना होने का उचित प्रबंध करना चाहिए. जहाँ राज्य सरकार स्वच्छ भारत, स्वच्छ महाराष्ट्र की बात करती हैं वहां इस तरह की गंदगी देश की इतनी बड़ी यूनिवर्सिटी के पास होना सरकार के दावों की पोल खोलता हैं. हरीश आजाद ने कहा की मैं फरीदाबाद (हरियाणा )से यहाँ परिवार के साथ बसने आया हुँ जहाँ मेरी शहर के प्रमुख समाजसेवीयों में हैं इसलिए अब इस शहर को सुन्दर बनाने का मेरा कर्तव्य हैं इसलिए मैं शासन - प्रशासन से अपील करता हुँ इस गंदगी को जल्द से जल्द हटाया जाये।

# सरकारी जमीन पर कब्जे की साजिश, ग्रामीण निकास के लिए परेशान

## निकास मार्ग पर निर्माण की तैयारी, दबंगों पर कार्रवाई की मांग



लुकमान खान

**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** बीसलपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम सुहेला में सरकारी जमीन पर कब्जे की कोशिश का मामला प्रकाश में आया है। गांव के कुछ लोगों पर आरोप है कि वे दबंगई के बल पर ग्राम समाज की भूमि पर अवैध निर्माण करने की तैयारी में हैं, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।पीड़ित ने प्रशासन को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसके पिता तेजप्रकाश, पुत्र स्वर्गीय नत्थूलाल, के नाम कृषि भूमि खेत संख्या 1मि., रकबा 0.1450 हेक्टेयर दर्ज है, जिसमें वह सहखातेदार हैं। उक्त खेत के सामने ग्राम समाज की खाली पड़ी भूमि है, जो लंबे समय से निकास मार्ग के रूप में उपयोग में लाई जा रही है।आरोप है कि गांव के ही छेदालाल, प्रेमपाल, नत्थूलाल और रामखिलौना सहित अन्य लोग उक्त सरकारी भूमि पर जबरन कब्जा कर मकान निर्माण करना चाहते हैं। यदि ऐसा होता है तो न केवल पीड़ित का रास्ता अवरुद्ध होगा, बल्कि अन्य ग्रामीणों को भी भारी असुविधा का सामना करना पड़ेगा।पीड़ित का कहना है कि आरोपित दबंग प्रवृत्ति के हैं और विरोध करने पर विवाद की स्थिति उत्पन्न कर देते हैं। ऐसे में उसने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल कार्रवाई करते हुए सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराया जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं।मामले को लेकर अब क्षेत्रीय प्रशासन की भूमिका अहम हो गई है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि समय रहते उचित कार्रवाई कर सरकारी भूमि को सुरक्षित किया जाएगा।

## एसपी के निर्देशन में सीओ बीसलपुर द्वारा दंगा नियंत्रण उपकरणों सहित बलवा ड्रिल का प्रशिक्षण/अभ्यास कराया गया



लुकमान खान

**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी बीसलपुर विधि भूषण मौर्य द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन पीलीभीत में समस्त थानों के अधि0,पुलिसकर्मियों को दंगा नियंत्रण उपकरणों सहित बलवा ड्रिल का प्रशिक्षण,अभ्यास कराया गया।ड्रिल के दौरान पुलिस कर्मियों को आंसू गैस के गोले, रबर बुलेट, दंगा शील्ड, हेलमेट एवं अन्य सुरक्षा उपकरणों के उपयोग की जानकारी दी गई। साथ ही आंसू गैस के गोले छोड़ने की विधि, सुरक्षा उपाय तथा दंगा नियंत्रण के दौरान शील्ड एवं लाठी के समन्वित प्रयोग का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया।

पुलिस कर्मियों को भीड़ नियंत्रण एवं दंगाइयों से निपटने की सामरिक रणनीतियों की जानकारी देते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु संयमित एवं संतुलित बल प्रयोग के निर्देश दिए गए। साथ ही सभी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित रूप से इस प्रकार की ड्रिल कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

## 24 घंटों में चार नवजातों की मौत, शिशुओं में से कुछ जन्मजात विकृति से थे पीड़ित: प्राचार्य डॉ. संगीता अनेजा

लुकमान खान




**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** जनपद के जिला महिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में पिछले 24 घंटों के भीतर चार नवजातों की मौत हो गई।मृत शिशुओं में से कुछ जन्मजात विकृति से पीड़ित थे, जबकि कुछ का वजन सामान्य से बहुत कम था या उन्हें सांस लेने में तकलीफ थी। इस घटना से स्वास्थ्य प्रशासन में हड़कंप मच गया है।अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार, बरेली निवासी प्रियंका के सात दिन के नवजात को गंभीर ट्रेकियो-इसोफेजियल एनोमली थी। डॉ. संदीप शर्मा ने बताया कि बच्चे की भोजन और श्वास नली आपस में जुड़ी हुई थी, जिससे दूध फेफड़ों में जा रहा था।बच्चे को लखनऊ रेफर किया गया था, लेकिन परिजनों की आर्थिक तंगी के कारण वे उसे ले जा नहीं सके, जिसके बाद बच्चे की मौत हो गई।सोमवती और सुमन देवी के नवजातों का जन्म महिला अस्पताल में हुआ था। सोमवती का बच्चा कम वजन के कारण मृत पैदा हुआ, जबकि सुमन के बच्चे की श्वास नली में अवरोध था। एसएनसीयू ले जाते समय सुमन के बच्चे ने दम तोड़ दिया ललौरीखेड़ा पीएचसी से रेफर होकर आए रीना के नवजात की भी मौत हो गई। जन्म के बाद बच्चा रोया नहीं था, जिससे उसके मस्तिष्क और शरीर को पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिल पाई। मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ. संगीता अनेजा ने बताया कि चारों मामले अत्यंत गंभीर थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि दो नवजात एसएनसीयू में भर्ती थे और दो अन्य महिला अस्पताल में पैदा हुए थे।डॉक्टरों के हर संभव प्रयास के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका, क्योंकि उनमें से अधिकांश 'हाई रिस्क' श्रेणी के मामले थे। यह घटना जिले में प्रसव पूर्व देखभाल (Antenatal Care) और रेफरल सिस्टम की चुनौतियों को एक बार फिर उजागर करती है।

## जिला पंचायत सदस्य राफे खां ने चलाई तलवार महाराणा प्रताप जयंती पर प्रदर्शन, बनी राजनीतिक चर्चा का विषय



वेलकम इंडिया ब्यूरो

**नरसेना।** ग्राम नरसेना में 9 मई को महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर एक शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में ग्रामीणों, युवाओं और समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य राफे खां ने तलवार चलाकर अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया, जो अब पूरे क्षेत्र में राजनीतिक चर्चा का विषय बन गया है।

राफे खां के समर्थकों का कहना है कि यह प्रदर्शन वीरता, शौर्य और परंपरा का प्रतीक है, जिसे महाराणा प्रताप के सम्मान में किया गया। वहीं, उनके विरोधी इसे राजनीतिक संदेश देने और क्षेत्र में अपनी सक्रियता दशार्ने की रणनीति मान रहे हैं। शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रही और कई सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। क्षेत्रीय लोग इस घटना को विभिन्न दृष्टिकोणों से देख रहे हैं। कुछ इसे सांस्कृतिक कार्यक्रम का हिस्सा मानते हैं, जबकि अन्य इसे आगामी राजनीतिक परिदृश्य से जोड़कर देख रहे हैं। यह मामला ग्रामीण क्षेत्रों में चर्चा का मुख्य केंद्र बना हुआ है।

## पत्रकारों के सम्मान पर आंच आई तो ईंट से ईंट बजा देगा ऐप्जा, पूरनपुर में गूंजी पत्रकार एकता की हुंकार, उत्पीड़न के खिलाफ आर पार की जंग का ऐलान

लुकमान खान



**पीलीभीत/पूरनपुर(वेलकम इंडिया)।** पत्रकारों के दमन और उनके साथ हो रहे सौतेले व्यवहार के खिलाफ अब ऑल इंडिया प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन (ऐप्जा) ने निर्णायक रणभेरी फूंक दी है।रविवार को पूरनपुर ब्लॉक सभागार में आयोजित संगठन की अति महत्वपूर्ण बैठक में पत्रकारों के हक और स्वाभिमान की रक्षा के लिए जोरदार हुंकार भरी गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र मिश्रा और मुख्य समन्वयक अनुराग सारथी के दिशा निर्देशन में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष द्वारा की गई, जिसमें संगठन की मजबूती और पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर कई कड़े फैसले लिए गए।बैठक में मुख्य रूप से मौजूद बरेली मंडल अध्यक्ष अनुज सक्सेना, जिला अध्यक्ष अभिषेक पांडे और जिला संरक्षक राजकुमार श्रीवास्तव ने शासन प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी दी कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ का उत्पीड़न अब किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वक्ताओं ने कड़े लहजे में कहा कि आए दिन पत्रकारों पर होने वाले फर्जी मुकदमे और प्रशासनिक ज्यादती कलम को दबाने की एक नाकाम साजिश है, जिसका ऐप्जा पूरी ताकत से विरोध करेगा।

संगठन के विस्तार पर चर्चा करते हुए नए सदस्यों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया और उन्हें पत्रकारिता की गरिमा के साथ एकजुट रहने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष मनोज वर्मा ने भी पत्रकारों की इस फौलादी एकजुटता की सराहना की। पूरे आयोजन की कमान तहसील प्रभारी सबलू खान ने संभाली, जिनकी कुशल व्यवस्था और सक्रियता की वरिष्ठ पदाधिकारियों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की। बैठक के अंत में पत्रकार एकता जिंदाबाद और ऐप्जा संगठन अमर रहे के नारों से पूरा ब्लॉक परिसर थर्रा उठा। पदाधिकारियों ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी कि यदि किसी भी पत्रकार साथी को प्रताड़ित किया गया, तो ऐप्जा की पूरी इकाई सड़कों पर उतरकर ईंट से ईंट बजा देगी।

इस मौके पर तहसील के भारी संख्या में पत्रकार और कार्यकर्ता अपनी चट्टानी एकता का प्रदर्शन करने मौजूद रहे। इस मौके पर काफी पत्रकार लुकमान खान वीर गौतम राजीव कुमार शोभित वर्मा भारी संख्या के साथ और भी पत्रकार मौजूद रहे।

## यूथ क्रिकेट एकेडमी की यूथ ब्लू टीम ने जीती ट्राफी



वेलकम इंडिया ब्यूरो

**मुरादाबाद।** कांठ रोड स्थित विवेकानंद नर्सिंग कॉलेज के मैदान पर तीन मैचों की सीरिज यूथ क्रिकेट एकेडमी के द्वारा आयोजित कराई गई थीं। जिसमें से दो मैच जितकर यूथ ब्लू के खिलाड़ियों ने ट्राफी पर अच्छा प्रदर्शन कर कब्जा कर लिया। रविवार को सिरीज का फाइनल मैंच यूथ ब्लू और यूथ रेड के बीच खेला गया। टॉस जीतकर यूथ ब्लू ने बल्लेबाजी करने का फैसला किया। 40 ओवर के इस फाइनल मुकाबले में तैमूर मलिक 83 गेंदों में 75, मुकूल ने 50 गेंदों में 42 रन, कबीर मलिक ने 58 गेंदों में 72 रन और ईशान ने 35 गेंदों में 32 रन देकर टीम का विशाल स्कोर 300 तक पहुंचा दिया। गेंदबाजी की ओर से अंत ने 1 विकेट, अथर ने 1 विकेट और दिवांश ने 1 विकेट लिया। स्कोर का पीछा करने उतरी यूथ रेड की ओर से सलामी बल्लेबाज नैतिक ने 48 गेंदों में 54 रन, श्लोक ने 22 गेंदों में 27 रन, जुबैर ने 50 गेंदों में 24 रन, दिवांश ने 14 गेंदों में 18 रनों का योगदान दिया। लेकिन इन खिलाड़ियों के अलावा कोई खिलाड़ी पिच पर नहीं टिक सका। टीम 191 पर आल आउट हो गई। गेंदबाजी की ओर से जतिन ने 3, सम्राट ने 3 और ईशान ने 4 विकेट लिए। इस सिरीज में मैंन आफ द सिरिज ईशान ने अपने नाम की। वहीं बेस्ट बेटर का खिताब श्लोक विश्नोई को दिया गया। बेस्ट विकेट कीपर आशुतोष रहा और बेस्ट फिल्डर में तैमूर मलिक ने बाजी मारी। फाइनल के मैच में तैमूर मलिक को बेस्ट बेटर से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा सभी चयनित खिलाड़ियों को मैटल और ट्राफी देकर सम्मानित किया गया।

# मातृ दिवस पर वृद्धाश्रम में गूंजा ममता और सम्मान का स्वर वयोवृद्ध माताओं की आरती उतारकर लिया आशीर्वाद’

वेलकम इंडिया ब्यूरो






**प्रयागराज।** मातृ दिवस के पावन अवसर पर सावित्री सेवा फाउंडेशन द्वारा नैनी स्थित आधारशिला वृद्ध आश्रम में भावपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्था अध्यक्ष शनि केसरी एवं पदाधिकारियों ने वयोवृद्ध माताओं के चरण प्रक्षालन, पुष्पवर्षा, आरती उतारी कर आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम का वातावरण भावुकता, सम्मान और ममता से सराबोर रहा। कार्यक्रम में उपस्थित माताओं को फल, बिस्किट, दालमोट, फ्रूटी सहित विभिन्न खाद्य सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर शनि केसरी ने कहा कि माँ केवल एक शब्द नहीं, बल्कि त्याग, सेवा, धैर्य, वात्सल्य और ममता की जीवंत प्रतिमूर्ति हैं। माँ बच्चे की प्रथम शिक्षिका होती है, जो जीवनभर अपने स्नेह और आशीर्वाद से परिवार को संवारती रहती है। उन्होंने कहा कि दुनिया की हर भाषा में माँ को अलग-अलग नामों से पुकारा जाता है – माता, माँ, आई, मॉम – लेकिन हर रूप में माँ की ममता समान रहती है। मातृ शक्ति का सम्मान करना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है। सुविख्यात वरिष्ठ समाजसेवी सरदार पतविंदर सिंह ने कहा कि माँ का आंचल संसार की सबसे बड़ी छाया और सुरक्षा है। माँ का सम्मान करना ही सच्ची संस्कृति और संस्कार की पहचान है। उन्होंने देश एवं प्रदेश की समस्त मातृ शक्तियों को मातृ दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सभी बच्चों पर माँ का साया सदैव बने रहने की कामना की। इस अवसर पर शनि केसरी, सरदार पतविंदर सिंह, सचिन निषाद, रूपाली, राकेश कुमार पाल, शशांक भारती, विमल गिरी, सुधीर कुमार, हरमनजी सिंह सहित कई स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## 31 लाख रुपये ना देने का आरोप में थाना मुगलपुरा पहुंचा व्यापारी

### कृष्णा मैटल के प्रोपराइटर नीरज सैनी ने दिया शिकायती पत्र

वेलकम इंडिया ब्यूरो



**मुरादाबाद।** थाना मुगलपुरा क्षेत्र के लालबाग गली नंबर 2 स्थित कृष्णा मैटल के प्रोपराइटर नीरज सैनी ने मित्तल एंड संस के खिलाफ 31 लाख रुपये न देने का आरोप लगाते हुए थाना मुगलपुरा में शिकायती पत्र दिया है। पीड़ित व्यापारी नीरज का आरोप है कि बकाया मांगने पर उसे उसकी रकम नही दी जा रही है।

### 18 माह से चल रहा था व्यापार

नीरज सैनी पुत्र गजराम सैनी ने बताया कि वह लालबाग काली मंदिर रोड पर कृष्णा मैटल के नाम से बर्तन सप्लाई का काम करता है। करीब 18 माह से उसका मित्तल एंड संस के साथ व्यापार चल रहा था। इस दौरान उसने करीब 80 लाख रुपये का माल मित्तल एंड संस को सप्लाई किया, जिसके बिल उसके पास सुरक्षित हैं। नीरज के मुताबिक मित्तल एंड संस ने अलग-अलग तारीखों पर करीब 42 लाख रुपये का भुगतान कर दिया, लेकिन शेष 31 लाख रुपये अभी तक नहीं दिए। कई बार तकादा करने पर विपक्षी उसकी रकम नही दे रहा है। शिकायती पत्र में नीरज ने आरोप लगाया कि बकाया मांगने पर उन्होंने बुलाया और पीड़ित को समोसा खिलाया समोसा खाते ही नीरज की तबीयत बिगड़ गई और आनन फानन में उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया पीड़ित का आरोप है कि हो सकता है समोसे में कुछ मिलाकर खिलाया गया है। लेकिन डॉक्टर द्वारा अभी इस बात की पुष्टि नहीं हुई है जिला अस्पताल में भर्ती नीरज सैनी ने थाना मुगलपुरा पुलिस से मित्तल एंड संस के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,मा. संजय कुमार मलिक के कर कमलो द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत का किया गया शुभारंभ

## 'राष्ट्रीय लोक अदालत में आगरा ने रचा इतिहास : 5.50 लाख से अधिक वादों का हुआ निस्तारण, करोड़ों की राहत राशि की गई वितरित'

मयूर खान

**आगरा(वेलकम इंडिया)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली, उ० प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेशानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद आगरा में किया गया, जिसका उद्घाटन माननीय जनपद न्यायाधीश संजय कुमार मलिक ने दीप प्रज्वलन कर माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर किया।

संजय कुमार मलिक, जनपद न्यायाधीश, आगरा एवं अन्य समस्त अपर जनपद न्यायाधीशगण द्वारा 838 वादों का निस्तारण किया गया, जिसमें जुमार्ना धनराशि 871900/- रुपए की धनराशि अधिरोपित की गई। राष्ट्रीय लोक अदालत में श्रीमती तृप्ता चौधरी, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय व अतिरिक्त परिवार न्यायालयों द्वारा 58 वादों का निस्तारण किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में नरेन्द्र कुमार पाण्डेय, पीठासीन अधिकारी मोटर दुघर्टना दावा अधिकरण के द्वारा 71 वादों का निस्तारण किया गया, जिसमें पीडित पक्षों को 90340807/- रुपए की प्रतिपूर्ति धनराशि प्रदान की गई।

इस लोक अदालत में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (रेलवे)/अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/सिविल जज/अपर सिविल जज / न्यायिक मजिस्ट्रेट व अन्य न्यायालयों द्वारा कुल-8142 वादों का निस्तारण किया गया। जिसमें जुमार्ना धनराशि-13534070/- रुपए अधिरोपित की गई। इसके अतिरिक्त जिला उपभोक्ता प्रतितोष आयोग-प्रथम व द्वितीय, स्थायी लोक अदालत, कॉमर्शियल कोर्ट-प्रथम व द्वितीय के द्वारा कुल 17 वादों का निस्तारण किया गया, जिसमें धनराशि-1103214/- रुपए अधिरोपित की गयी तथा वर्चुअल न्यायालय के द्वारा कुल-145275/- मोटर वाहन चालानों का निस्तारण



किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दीवानी कचहरी, आगरा के अलावा तहसील स्तर ब्लॉक स्तर समस्त पुलिस आयुक्त कार्यालय एवं यातायात चालान, ग्रीन गैस लि० मो० फोनर, वैवाहिक प्रीलिटिगेशन, भारत दूर संचार निगम लि० एवं समस्त फाईनेन्स कम्पनियों के कुल 394671 वादों का निस्तारण किया गया इस लोक अदालत में विभिन्न बैंकों भारतीय स्टेट बैंक, यूकों बैंक, ग्रामीण बैंक ऑफ आर्यावत, पंजाब नेशनल बैंक, यूनियन बैंक, सिडिकेट बैंक अन्य फाइनेन्स कम्पनी आदि के कुल-979/ वादों का निस्तारण प्री-लिटिगेशन लोक अदालत के माध्यम से किया गया। जिसमें समझौते की धनराशि मु0-90435000/-रही। इस आयोजन में आने वाले आम जनमानस की सुविधा हेतु जगह-जगह पूछताछ केन्द्र बनाये गये जिस पर नामित अधिवक्तागण एवं पराविधिक स्वयं सेवकों की उपस्थिति सुनिश्चित की गयी। वादीगण द्वारा अपने वादों के निस्तारण हेतु अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित आये न्यायालय परिसर में वादकारीगण / अधिवक्तागण की चहल-पहल रही तथा शान्ति व्यवस्था में पुलिस बल पर्याप्त मात्रा में तैनांत रहा। राष्ट्रीय लोक अदालत के निस्तारण हेतु बैंक व मोबाइल कंपनियों से संबंधित मामलों से सम्बद्ध पीठों की स्थापना की गई जिनके द्वारा प्रीलिटिगेशन के माध्यम से वादों का निस्तारण किया गया। साथ की स्वास्थ्य विभाग के द्वारा चिकित्सीय हेल्प डेस्क भी लगायी गयी थी। जिसमें पक्षकारों का निःशुल्क चैकअप किया गया। इस प्रकार जनपद आगरा में जिला मुख्यालय एवं तहसील स्तर पर आज आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 550051 वादों का निस्तारण किया गया। इस कार्यक्रम में श्रीमती तृप्ता चौधरी, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, आगरा, नरेन्द्र कुमार पाण्डेय, पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, आगरा, पुष्कर उपाध्याय, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, न्यायालय, सं0-01, आगरा, शिव कुमार-द्वितीय, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, / एस०सी०एस०टी० / न्यायालय संख्या-02, आगरा, पवन कुमार श्रीवास्तव, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, न्यायालय संख्या-04, आगरा, अमरजीत, नोडल अधिकारी/अपर जिला जज, न्यायालय संख्या-26, आगरा, शारिब अली, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, आगरा, पंकज कुमार-प्रथम, सचिव, (पूर्णकालिक) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आगरा एवं समस्त न्यायिक अधिकारीगण, विभिन्न बैंक, मोबाइल कंपनियों के अधिकारी / प्रतिनिधि, वादकारीगण, पत्रकार, मीडियाकर्मी, पराविधिक स्वयं सेवक एवं कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में विधायक रामचंद्र यादव ने सुनीं लोगों की समस्याएं



फतेह खान

**रुदौली-अयोध्या(वेलकम इंडिया)।** रुदौली विधानसभा क्षेत्र के डाक बंगला परिसर में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में विधायक रामचंद्र यादव ने क्षेत्रीय जनता की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने सड़क, बिजली, राजस्व एवं अन्य विभागों से जुड़ी समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। जनसुनवाई के दौरान विधायक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। ताकि लोगों को समयबद्ध न्याय मिल सके। उन्होंने अधिकारियों से शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही न बरतने की भी बात कही। विधायक रामचंद्र यादव ने कहा कि जनसेवा ही उनका संकल्प है और जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं का समाधान कराना उनका प्रथम कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास एवं आमजन की सुविधा के लिए वह निरंतर कार्य कर रहे हैं।

# कोतवाली प्रभारी संजय कुमार पांडेय का धर्म रक्षा संघ ने किया सम्मान

वेलकम इंडिया संवाददाता



**मथुरा/वृंदावन।** धर्म रक्षा संघ द्वारा शनिवार को परिक्रमा मार्ग स्थित ललित कुंज में कोतवाली प्रभारी संजय कुमार पांडेय के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी राधाप्रसाद देवजू महाराज ने की। समारोह में गत वर्ष फरह क्षेत्र के कोह गांव में हुए जघन्य हत्याकांड प्रकरण में तत्कालीन थाना प्रभारी के रूप में संजय कुमार पांडेय द्वारा की गई उत्कृष्ट विवेचना की सराहना की गई। उल्लेखनीय है कि इस मामले में एक व्यक्ति ने अपनी बहन की देवरानी को जीवित जलाकर हत्या कर दी थी। विवेचना अधिकारी के रूप में संजय कुमार पांडेय ने निष्पक्ष एवं प्रभावी जांच करते हुए अपराधी को न्यायालय से फांसी की सजा दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस अवसर पर संघ पदाधिकारियों ने पुष्पमाला एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना की। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष महंत मोहिनी बिहारी शरण ने कहा कि समाज में कानून व्यवस्था को मजबूत करने और अपराधियों के विरुद्ध निष्पक्ष कार्रवाई करने वाले अधिकारियों का सम्मान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि संजय कुमार पांडेय ने ईमानदारी एवं साहस के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए वृंदावन क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया है। राष्ट्रीय महामंत्री श्रीदास प्रजापति ने कहा कि फरह के कोह गांव हत्याकांड में की गई सशक्त विवेचना न्याय व्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। ऐसे कर्मठ एवं निष्पक्ष पुलिस अधिकारियों का सम्मान समाज के लिए प्रेरणादायक कार्य है। कार्यक्रम में आचार्य बद्रीश महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी रामदास महाराज, स्वामी अधिकारी गुरु, महंत दशरथ दास महाराज, महंत चंद्रदास महाराज, आचार्य अनमोल शास्त्री, मुकेश शर्मा, भगवान दास चौधरी एवं सोहनलाल आचार्य सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# गांव जानू में महाराणा प्रताप जयंती पर भव्य आयोजन, 'महाराणा प्रताप भवन' निर्माण की घोषणा



वेलकम इंडिया संवाददाता

**मथुरा/गोवर्धन।** शौर्य, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर गोवर्धन क्षेत्र के गांव जानू में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व प्रधान मोहन श्याम द्वारा कराया गया, जिसमें क्षेत्र के गणमान्य लोगों और समाज के विभिन्न वर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा महाराणा प्रताप के चित्रपट पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर अतिथियों को महाराणा प्रताप की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने महाराणा प्रताप के संघर्षपूर्ण जीवन, त्याग और मातृभूमि के प्रति समर्पण को याद करते हुए युवाओं से उनके आदर्शों पर चलने का आह्वानकिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रसिद्ध कलाकार हरिराम गुर्जर द्वारा प्रस्तुत किया गया 'ढोला' गायन रहा। उन्होंने वीर रस से ओत-प्रोत प्रस्तुतियों के माध्यम से महाराणा प्रताप की वीरगाथाओं का जीवंत वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रोता भाव-विभोर हो उठे। इस दौरान समाजहित में एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए 'महाराणा प्रताप भवन' निर्माण का ऐलान किया गया। इस घोषणा का उपस्थित लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत किया।

# उत्तर प्रदेश राज्य किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में दमखम दिखाएंगे सहारनपुर के किक बॉक्सर

राजीव कुमार



**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** किकबॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में मेरठ की आईआईएमटी यूनिवर्सिटी में 11 से 13 मई 2026 तक आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में सहारनपुर की 21 सदस्यीय टीम प्रतिभाग कर अपने खेल का शानदार प्रदर्शन करेगी। जिसके लिए सहारनपुर जिले की टीम पूरी तरह तैयार है। किकबॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ सहारनपुर के अध्यक्ष अजय कुमार व सचिव मनोज प्रजापति ने बताया कि प्रदेश स्तरीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता मे सहारनपुर के किकबॉक्सर विहान, आरव शर्मा, शगुन, खुशबू, जान्वी, लखन, अरवी दीवान, आराध्या, नीति जैनत, परिणीति, समीर, आरवी डाबर, अवनी, शिवांशी, कुणाल, सिमरन, रोहन, ध्रुव कीर्तज, इंशु, चाँदनी, आलोक कुमार सहारनपुर जनपद की टीम का प्रतिनिधित्व कर अपने-अपने भार वर्ग मे कड़ी चुनौती पेश करेंगे।

उन्होने बताया कि खलासी लाइन स्थित बाल जिम मे आयोजित स्वागत कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, सहारनपुर मंडल ओलम्पिक संघ के सचिव डॉ. अशोक कुमार गुप्ता के द्वारा सहारनपुर जनपद की टीम मे शामिल किकबॉक्सिंग खिलाड़ियों का फूल मालाओ से स्वागत किया। डॉ. अशोक कुमार गुप्ता ने कहा कि सहारनपुर के खिलाड़ियों में जीत का जुनून है। सहारनपुर के किक बॉक्सर, कई प्रतियोगिताओं मे पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके है। उन्होंने कहा की मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस बार भी हमारे खिलाड़ी मेरठ मे आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे और पदक जीतकर ही लौटेंगे। इस अवसर पर साधना, रोहित, रेनू, नरेन्द्र, आकाश, एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय कुमार, सचिव मनोज प्रजापति और रमा आर्य ने भी खिलाड़ियों को जीत की अग्रिम बधाई दी।

# दीपक शर्मा वत्स के निर्देशन में सम्पन्न फिल्म्स़ू 'मेरे दादू'



वेलकम इंडिया संवाददाता

**आगरा।** आगरा ताज नगरी के ग्रामीण अंचल में 'डी एस वी' फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले बृज सुपर स्टार दीपक शर्मा वत्स के सफल निर्देशन में पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रख सन-1900 के दशक में जमींदारी प्रथा पर कुठाराघात करती हुई फिल्माई गई हिंदी फिल्म (बृजवुड) 'मेरे दादू' !

जहाँ फिल्म के नायक बिरजू के किरदार में स्वयं फिल्म के प्रोड्यूसर सावन चौहान ने अभिनय किया है तो वहीं नायिका के किरदार में दिव्या सिंह ने दमदार अभिनय किया है।

इधर फिल्म में खलनायक के किरदार में डी के अश्वनी तो पूजा शर्मा ने कलेक्टर साहिबा के किरदार में सफल अभिनय किया है ।वहीं फिल्म में अन्य कलाकार गरिमा (बाल कलाकार) रवी शर्मा,अजय, राकेश,पिंकी गुर्जर,मिथलेश आदि कई कलाकारों ने सफल अभिनय किया है।

# पुलिस की बड़ी कार्रवाई: लूट के दो शातिर बदमाश मुठभेड़ में घायल, गिरफ्तार

राजीव कुमार

**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना चिलकाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने लूट के मुकदमे में वांछित दो शातिर बदमाशों को मुठभेड़ में घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बारे में जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि थाना चिलकाना पुलिस ग्राम पटनी से पिलखनी मार्ग पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि लूट के मुकदमे में वांछित दो बदमाश सीकरी जाने वाले कच्चे रास्ते पर खड़े होकर किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं।

### पुलिस ने की कार्रवाई



सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो दोनों संदिग्ध मोटरसाइकिल से भागने लगे। पीछा करने पर उन्होंने बाइक गिराकर आम के बाग में पेड़ों की आड़ लेकर पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें दोनों बदमाशों के पैर में गोली लग गई।

### गिरफ्तार बदमाशों की पहचान

घायल बदमाशों की पहचान अमन उर्फ आर्यन पुत्र राजबीर सिंह उर्फ राजू निवासी बड़ी छाप्पुर थाना नकुड़ तथा कार्तिक पुत्र अमित निवासी छोटी छाप्पुर थाना नकुड़ के रूप में हुई है। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

### बरामदगी

पुलिस ने अमन उर्फ आर्यन के कब्जे से एक तमंचा .315 बोर, दो जिंदा व दो खोखा कारतूस और लूट के 1050 रुपये बरामद किए।

वहीं कार्तिक के कब्जे से एक तमंचा .315 बोर, तीन जिंदा व दो खोखा कारतूस, 1010 रुपये नकद और एक लावा कंपनी का मोबाइल फोन बरामद हुआ। घटना में प्रयुक्त बिना नंबर प्लेट की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल भी पुलिस ने कब्जे में ली है।

### आपक्रिमक इतिहास

पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी थाना चिलकाना में दर्ज लूट के मुकदमे में वांछित चल रहे थे। इनके खिलाफ सहारनपुर जनपद के विभिन्न थानों में लूट, चोरी, अवैध शस्त्र और अन्य आपराधिक मामलों के कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस आरोपियों के आपराधिक इतिहास की जांच कर आगे की विधिक कार्रवाई में जुटी है।

# श्रीकृष्ण इंटर कॉलेज में मनाई महाराणा प्रताप जयंती



वेलकम इंडिया संवाददाता

**मथुरा/चौमुंहा।** गांव दलौता स्थित श्रीकृष्ण इंटर कालेज में शनिवार को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ क्षत्रिय शिरोमणि महामानव महाराणा प्रताप सिंह सिसोदिया की 486वीं जयंती मनाई गई।

विभिन्न वक्ताओं ने उनके शौर्य, बलिदान, वीरता और साहस की सराहना करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला। छात्र छात्राओं उनके जीवन से सीख लेने का संकल्प लिया।

इस दौरान उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए। कार्यक्रम में प्रबंधक ठाकुर सुजान सिंह सिसोदिया, बाइक सिसोदिया, सीपी शर्मा, धीरज राणा, जितेंद्र राणा, आदित्य सिंह, मोनू सिंह, हरिचंद शर्मा, नारायण सिंह, ऋतु, स्मृति आदि उपस्थित थीं।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मनाया मां दिवस सम्मान समारोह



वेलकम इंडिया संवाददाता

**मथुरा/अड़ींग।** राजकीय कन्या इंटर कॉलेज अड़ींग में छात्राओं ने विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मात्र दिवस सम्मान समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से इसी शैक्षिक सत्र में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट परीक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं की माताओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया ।इस अवसर पर उपस्थित छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में मां शब्दों की महिमा पर आधारित मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शुचि खंडेलवाल,आयुषी सिंघल,गीता, वर्षा,रेनू , खुशबू शर्मा आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन अंजूलता शुक्ला द्वारा किया गया वहीं प्रधानाचार्या मीना पांडेय ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी मेधावी छात्राओं एवं उनकी माताओं को बधाई दी।

# पृथक राज्य निर्माण होने तक संघर्ष जारी रहेगा: वर्मा

राजीव कुमार

**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** निकटवर्ती ग्राम नोजली में पृथक राज्य निर्माण को लेकर हुई विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा व भारतीय किसान यूनियन वर्मा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा ने कहा कि पृथक पश्चिम प्रदेश निर्माण होने तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा। जिसके लिए पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा गांव गांव नगर नगर अलख जगा कर युवा पीढ़ी को पृथक राज्य के लिए तैयार कर रहा है। पृथक राज्य हमारे आने वाली पीढ़ी के लिए बहुत जरूरी है। भगत सिंह वर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश ही नहीं दुनिया का सबसे बड़ा राज्य होने के कारण गरीबी महंगाई भ्रष्टाचार बेरोजगारी गुंडागर्दी और अवयवस्था की चपेट में है। बड़ा राज्य होने के कारण प्रशासन पर शासन की कोई पकड़ नहीं रह गई है। कर्मचारी व अधिकारी बेलगाम हो चुके हैं। सभी विभागों में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। भगत सिंह वर्मा ने कहा कि देश के यूनियन बजट के बाद उत्तर प्रदेश का सबसे अधिक बजट है। वर्ष 2026-27 का वार्षिक बजट 9 लाख 12 हजार करोड रुपए से अधिक है। इतने बड़े बजट में से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 26 जिलों में शिक्षा और चिकित्सा पर नाम मात्र को धन खर्च करने की व्यवस्था की गई है। जबकि यहां पर कम से कम 2 एम्स दो आईआईटी दो आईआईएम 2 एन आई टी होने चाहिए। भगत सिंह वर्मा ने कहा कि पृथक पश्चिम प्रदेश बनने पर यहां शिक्षा और चिकित्सा सबसे बेहतर होगी।



और सभी को निशुल्क होगी। और यहां के 8 करोड लोगों को न्याय के लिए 700 किलोमीटर दूर नहीं जाना पड़ेगा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में ही राजधानी और हाईकोर्ट होगा। और यही के लोग मुख्यमंत्री और मंत्री होंगे और सरकारी नौकरी में यही के शिक्षित युवा होंगे। भगत सिंह वर्मा ने कहा कि अब समय आ गया है कि जब यहां की 8 करोड़ जनता को यहां के विधायक सांसदों और मंत्रियों को कहना चाहिए कि आप पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विकास के लिए क्या कर रहे हैं। भगत सिंह वर्मा ने युवा शक्ति व छात्रों को आगे आकर पृथक राज्य निर्माण के संघर्ष में बढ़-चढ़कर भागीदारी करनी चाहिए। जो आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा ने महामहिम राष्ट्रपति जी माननीय प्रधानमंत्री जी को पत्र लिखकर राष्ट्रहित में उत्तर प्रदेश को चार भागों में विभाजित करके पृथक पश्चिम प्रदेश निर्माण करने की मांग की। विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय सलाहकार हाफिज मुर्तजा त्यागी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा के नेतृत्व में दो दशक से पृथक राज्य के आंदोलन को आज बल मिल रहा है। अब वह दिन दूर नहीं जब यह एक बड़ा जन आंदोलन होगा और पृथक राज्य का निर्माण होगा। पृथक राज्य बनने पर जहां किसानों को उनकी फसलों के लाभकारी मूल्य मिलेंगे वहीं पर यहां के शिक्षित युवा बेरोजगारों को भारी नौकरी मिलेगी और अधिवक्ता गणों की 45 वर्ष से चल रही हाई कोर्ट बेंच का हल होगा। मेरठ मे हाई कोर्ट और आगरा में हाई कोर्ट की बेंच होगी। विशाल जनसभा का संचालन करते हुए पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा के प्रदेश सचिव मोहम्मद मुखिया त्यागी ने कहा कि हम यहां की 8 करोड़ जनता की उन्नति के लिए बनने वाले पृथक पश्चिम प्रदेश निर्माण के लिए बड़े से बड़ी कुबार्नी देने को तैयार हैं। और अब हमें किसी भी कीमत पर पृथक राज्य चाहिए। जनसभा की अध्यक्षता करते हुए मोहम्मद नौशाद आलम बीटेक ने कहा कि अब हम युवा शक्ति को जगा कर पृथक पश्चिम प्रदेश का निर्माण कराएंगे। जिससे यहां की आने वाली पीढ़ी खुशहाल और उन्नत सील हो सके।

# खलीलाबाद में सुभासपा की 'सामाजिक समरसता महारैली' में उमड़ा जनसैलाब, वर्चुअल संबोधन से ओमप्रकाश राजभर ने भरा जोश

वेलकम इंडिया संवाददाता





**संतकबीरनगर।** जनपद के खलीलाबाद स्थित जूनियर हाई स्कूल का मैदान रविवार को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के पीले झंडों और कार्यकताओं के गगनभेदी नारों से पट गया। अवसर था पार्टी द्वारा आयोजित भव्य 'सामाजिक समरसता महारैली' का, जिसमें हजारों की संख्या में पहुंचे कार्यकताओं और आमजन ने सुभासपा की बढ़ती राजनीतिक ताकत का अहसास कराया।

### वर्चुअल माध्यम से दहाड़े कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर

महारैली का मुख्य आकर्षण पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री श्री ओमप्रकाश राजभर का संबोधन रहा। तकनीकी माध्यम से वर्चुअल लाइव जुड़कर उन्होंने विशाल जनसमूह को संबोधित किया।

अपने चिर-परिचित ओजस्वी अंदाज में उन्होंने कहा कि सुभासपा का जन्म ही वंचितों को आवाज देने के लिए हुआ है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी सदैव समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के सम्मान, अधिकार और हिस्सेदारी के लिए संघर्षरत रही है और यह लड़ाई रुकने वाली नहीं है।

रैली में पहुंचे सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर के बेटे अरविंद राजभर ने पूरे सभा में हुंकार भरते हुए कहा कि सुभासपा के नेतृत्व में एक बार फिर से 2022 के चुनाव में सरकार आएगी और आगे रणनीति बनाकर काम किया जाएगा।

### शिक्षा, रोजगार और सामाजिक न्याय पर जोर

अपने संबोधन में राजभर ने सामाजिक समरसता, पिछड़ों के हक, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और रोजगार जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा, 'जब तक दलितों, पिछड़ों और वंचितों को उनका पूरा हक नहीं मिल जाता, तब तक सामाजिक न्याय की अवधारणा अधूरी है।' उन्होंने कार्यकताओं का आह्वान किया कि वे संगठन को बूथ स्तर तक इतना मजबूत बनाएं कि विपक्षी दल मैदान छोड़ दें।

### जनसैलाब में तब्दील हुई महारैली

खलीलाबाद की धरती पर आयोजित इस रैली में क्षेत्रीय पदाधिकारियों और स्थानीय नागरिकों की भारी मौजूदगी ने इसे एक विशाल जनसैलाब में परिवर्तित कर दिया। कार्यकताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था।

रैली के माध्यम से पार्टी ने आगामी राजनीतिक चुनौतियों के लिए अपनी इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने भी अपने विचार रखे और केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के अंत में स्थानीय नेतृत्व ने भारी संख्या में आए लोगों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान रैली प्रभारी जितेंद्र सिंह और सेमरियावां ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मुमताज अहमद ने अहम भूमिका निभाई कार्यक्रम के दौरान हजारों की संख्या में सुभासपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आर के एग्रो एंड फिशिरीज का हुआ भव्य उद्घाटन



वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** विकास खण्ड सेमरियावा के सेमरियावा इस्लामाबाद चौराहे पर आर के एग्रो एंड फिशिरीज का भव्य उद्घाटन संपन्न हुआ। इस दौरान काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। सेमरियावा ब्लाक के सेमरियावा इस्लामाबाद चौराहे पर आर के एग्रो एंड फिशिरीज का भव्य उद्घाटन संपन्न हुआ। इस दौरान समाजसेवी एजाज अहमद अंसारी ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य आधुनिक तकनीक से किसानों को कम निवेश से ज्यादा इनकम करने के लिए जागरूक किया जायेगा।

क्षेत्र की अहम जरूरतें पूरी करना हमारा मुख्य उद्देश्य है। इस अवसर पर मौलाना अबरार अहमद, मौलाना फुजैल अहमद, गौहर अली खान, परवेज अख्तर, इजहार शाह, डॉक्टर हकीकुल्लाह, अब्दुल कादिर, कृष्ण कुमार चौधरी, डॉक्टर महबूब आलम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## सभासद ने फ्रीजर की मांग को लेकर लगाए अनदेखी के आरोप

मोहसिन रहमानी



**कांधला (वेलकम इंडिया)।** कस्बे के बाईपास मार्ग स्थित बिजलीघर जाने वाले रास्ते पर खराब पड़े वाटर कूलर को लेकर वार्ड नंबर सात के सभासद वकील अहमद ने आसपास लोगों के साथ प्रदर्शन किया। उन्होंने नगर पालिका परिषद पर जनसमस्याओं की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए जल्द नया वाटर कूलर लगवाने की मांग की है। साथ ही इस संबंध में पालिका अध्यक्ष को प्रार्थना पत्र सौंपकर समस्या के समाधान की मांग उठाई गई है।

सभासद वकील अहमद ने दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि बाईपास रोड स्थित बिजलीघर चौराहे पर पूर्व में लगाया गया वाटर कूलर लंबे समय से खराब अवस्था में पड़ा हुआ है। गर्मी के मौसम को देखते हुए लोगों को पेयजल की भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि गर्मी बढ़ने के चलते क्षेत्रवासियों और राहगीरों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नए वाटर कूलर मशीन की व्यवस्था कर ली गई थी, लेकिन कुछ लोगों के दबाव के कारण अब तक मशीन स्थापित नहीं हो सकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि संबंधित फाउंडेशन की ओर से मशीन पूरी तरह तैयार कर नगर पालिका को उपलब्ध करा दी गई है, लेकिन पालिका स्तर पर लापरवाही बरती जा रही है। सभासद ने कहा कि उक्त स्थान पहले से ही वाटर कूलर के संचालन के लिए चिन्हित रहा है और जनहित में वहां मशीन लगाया जाना बेहद जरूरी है। प्रदर्शन के दौरान सभासद ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र नया वाटर कूलर स्थापित नहीं कराया गया तो वह जिलाधिकारी से मिलकर नगर पालिका में हो रहे भ्रष्टाचार और जनसमस्याओं की अनदेखी की शिकायत करेंगे। उन्होंने पालिका प्रशासन से बिना किसी दबाव के जनहित को प्राथमिकता देते हुए जल्द समस्या के निस्तारण की मांग की है।

## बाल अभिनेता शिवांश मिश्रा ने 'नन्ही कली' विज्ञापन में बटोरी सुर्खियां



राजीव कुमार

**सहारनपुर (वेलकम इंडिया)।** कलाकुलम कल्चरल अकादमी के अभिनय छात्र शिवांश मिश्रा ने अपने पहले विज्ञापन 'नन्ही कली' में शानदार अभिनय से सभी का ध्यान आकर्षित किया है। पार्वती नगर, नवादा रोड निवासी शिवांश के माता-पिता अरुण मिश्रा एवं रेनू मिश्रा ने बचपन से ही उनमें कला के प्रति जुनून देखा और निरंतर उनका सहयोग किया। परिवार ने इस सफलता का श्रेय शिवांश के अभिनय गुरु रवि कर्णवाल को दिया है। विज्ञापन की शूटिंग उत्तराखंड के खूबसूरत हरशील क्षेत्र में की गई। कलाकुलम के रचनात्मक प्रमुख शुभम शर्मा के अनुसार, 'नन्ही कली' परियोजना पिछले 30 वर्षों में लगभग 10 लाख लड़कियों को सहायता प्रदान कर चुकी है। इस अभियान का संदेश है कि बदलाव की शुरूआत हमेशा 'एक' से होती है। शिवांश मिश्रा अब अपनी आगामी फिल्म को लेकर बेहद उत्साहित हैं और अभिनय के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छूने के लिए तैयार हैं। कलाकुलम के संगीत निर्देशक रजत धीमान एवं दीपक सैनी, अकादमी के सहयोगी साथियों एवं बच्चों के अभिभावकों अजय यादव, यतेंद्र सैनी, पुनीत धीमान और हरिओम ने भी शिवांश को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया।

## तेज रफ्तार कार ने बाइक सवारों को रौंदा, युवक की टांग कटी

मोहसिन रहमानी



**कांधला (वेलकम इंडिया)।** कस्बे के दिल्ली बस अड्डे पर तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में एक युवक की टांग कट गई। घटना के बाद चालक कार सहित मौके से फरार हो गया।

पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी वाहन चालक की तलाश में जुटी है। कैराना कोतवाली क्षेत्र के गांव जहांनपुरा निवासी कौशर पुत्र इकराम अपने साथी मिश्रा पुत्र महेश्वर के साथ बाइक पर सवार होकर गांव किवाना में सरसों की तुड़ी की मजदूरी करने के बाद वापस गांव लौट रहे थे।

बताया गया है कि जैसे ही वह कस्बे के दिल्ली बस अड्डे पर पहुंचे, तभी पीछे से तेज गति और अनियंत्रित फॉर्च्यूनर कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों युवक सड़क पर गिर कर घायल हो गए। हादसे में कौशर गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी एक टांग कट गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

घटना के बाद कार चालक वाहन सहित फरार हो गया। राहगीरों ने पुलिस और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस व पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

हादसे की सूचना मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गए परिजनों नें थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि फरार कार चालक की तलाश की जा रही है। बस अड्डा चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द ही आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## खंद्रावली चौकी प्रभारी बदले, राहुल कुमार ने संभाली कमान

मोहसिन रहमानी



**कांधला (वेलकम इंडिया)।** थाना क्षेत्र की खंद्रावली चौकी क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे अपराधों और हाल ही में हुई हत्या की घटना के बाद पुलिस प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए चौकी प्रभारी को बदल दिया है। पुलिस अधीक्षक शामली ने खंद्रावली चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक विजेंद्र सिंह रावल को लाइन हाजिर कर उनके स्थान पर उपनिरीक्षक राहुल कुमार को नई जिम्मेदारी सौंपी है। बताया जा रहा है कि खंद्रावली क्षेत्र में बीते दिनों हुई दो युवकों की हत्या की घटना के बाद क्षेत्र में लगातार तनाव और विरोध प्रदर्शन का माहौल बना हुआ था। पीड़ित परिवार द्वारा एसपी कार्यालय सहित कई स्थानों पर प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग की गई थी। इसके बाद पुलिस प्रशासन ने क्षेत्र में बढ़ते अपराधों को गंभीरता से लेते हुए यह कदम उठाया। नवनियुक्त चौकी प्रभारी राहुल कुमार मूल रूप से बुलंदशहर जनपद के निवासी हैं। वर्ष 2015 में वह उपनिरीक्षक पद पर भर्ती हुए थे। इससे पहले वह कानपुर और मुजफ्फरनगर जनपद में करीब 20 चौकियों पर प्रभारी रह चुके हैं। शामली जनपद में उनकी यह पहली तैनाती है।

चौकी का कार्यभार ग्रहण करने के बाद राहुल कुमार ने कहा कि क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाना उनकी प्राथमिकता होगी। जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनका समाधान कराया जाएगा। साथ ही क्षेत्र की जनता की सुरक्षा के लिए पुलिस 24 घंटे तत्पर रहेगी। उन्होंने असामाजिक तत्वों को चेतावनी देते हुए कहा कि अपराध की दुनिया छोड़ दें, अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। चौकी पहुंचने पर पुलिस स्टाफ और क्षेत्र के लोगों ने उनका स्वागत किया।

## ग्रीन व क्लीन बाड़मेर संस्थान का सपना और संकल्पः बोहरा

### ग्रीन-वे प्रथम जूना केराडू मार्ग पर हुआ पौधारोपण, संरक्षण का लिया संकल्प





वेलकम इंडिया संवाददाता

**बाड़मेर राजस्थान।** थार नगरी, बाड़मेर को ग्रीन व क्लीन सिटी बनाने को लेकर जन कल्याण संस्थान, बाड़मेर की ओर से एक घर एक पौधा अभियान के माध्यम से लगातार पौधारोपण किया जा रहा है। जिस कड़ी में जूना केराडू मार्ग को ग्रीन-वे बनाने को लेकर रविवार को संस्थान अध्यक्ष व पर्यावरण कार्यकर्ता मुकेश बोहरा अमन के नेतृत्व में अलग-अलग घरो के आगे भिन्न-भिन्न किस्म के पौधे लगाएं गए। पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया।

अभियान से जुड़े मुकेश देवड़ा ने बताया कि थार नगरी, बाड़मेर को ग्रीन बाड़मेर बनाने को लेकर सतत पौधारापेण किया जा रहा है। जिस कड़ी रविवार को जूना केराडू मार्ग पर पौधारोपण कर संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। देवड़ा ने बताया कि इस वर्ष संस्थान की ओर से 10 ग्रीन-वे बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इससे ग्रीन बाड़मेर का सपना धरातल पर उतरता नजर आयेगा।

संस्थान अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश बोहरा अमन ने कहा कि थार नगरी, बाड़मेर को ग्रीन व क्लीन सिटी बनाना जन कल्याण संस्थान का सपना ही नही बल्कि एक संकल्प भी है। जिसे पूर्ण करने को लेकर संस्थान की ओर से सबका सहयोग व साथ लेते हुए चयनित स्थानों पर वृहद स्तर पर कार्य किया जा रहा है। अमन ने कहा कि ग्रीन-वे निर्माण को लेकर यह वर्ष बहुत ही महत्वपूर्ण व निर्णायक है। इस दौरान मगराज संखलेचा, मुकेश अमन, दिनेश बोहरा, जोगराज बोथरा, पीताम्बर बोथरा, सुरेश जैन, मोहन जैन, गौतम बोहरा, अंकित भंसाली, मुकेश भंसाली सहित स्थानीय मोहल्लेवासी व व्यापारी गण उपस्थित रहे।

## खलीलाबाद की महारैली रही ऐतिहासिक; डॉ. अरविन्द राजभर ने मुमताज अहमद अंसारी की निष्ठा और मेहनत को सराहा

वेलकम इंडिया संवाददाता



**संतकबीरनगर।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी द्वारा आज 10 मई 2026 को जनपद संतकबीरनगर के खलीलाबाद विधानसभा स्थित जूनियर हाई स्कूल के मैदान में आयोजित 'सामाजिक समरसता महारैली' भव्य और ऐतिहासिक रूप से संपन्न हुई।

इस विशाल आयोजन को सफल बनाने में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के कुशल प्रबंधन और जमीनी मेहनत की मुख्य भूमिका रही।

कार्यक्रम के सह-प्रभारी श्री मुमताज अहमद अंसारी जी एवं कार्यक्रम प्रभारी व राष्ट्रीय सचिव श्री जितेन्द्र सिंह जी ने पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया, जिसके परिणामस्वरूप रैली ने सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया। पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव डॉ. अरविन्द राजभर ने इस ऐतिहासिक सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विशेष रूप से श्री मुमताज अहमद अंसारी जी के सक्रिय योगदान की सराहना की है।

उन्होंने कहा कि मुमताज अहमद अंसारी के अथक प्रयासों और संगठन के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता ने न केवल इस महारैली को भव्य बनाया, बल्कि सामाजिक समरसता और जनसरोकारों के प्रति पार्टी के संकल्प को भी मजबूती प्रदान की है।

पार्टी नेतृत्व ने उनके समर्पण के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। इस सफल आयोजन से क्षेत्र में संगठन को एक नई ऊर्जा मिली है।

## युवा चेहरे ई. मुजम्मिल अहमद को मिली सपा ब्लॉक अध्यक्ष की अहम जिम्मेदारी

वेलकम इंडिया संवाददाता



**संतकबीरनगर।** समाजवादी पार्टी ने संगठन को नई मजबूती और नई ऊर्जा देने के उद्देश्य से सेमरियावां ब्लॉक की जिम्मेदारी युवा एवं सक्रिय नेता ई. मुजम्मिल अहमद को सौंप दी है। पार्टी के इस फैसले को क्षेत्रीय राजनीति में अहम माना जा रहा है। जिला अध्यक्ष प्रमोद यादव पूर्वांचल द्वारा जारी मनोनयन पत्र में बताया गया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशन एवं प्रदेश नेतृत्व की सहमति से यह नियुक्ति की गई है। ई. मुजम्मिल अहमद के ब्लॉक अध्यक्ष बनने की खबर मिलते ही समर्थकों और कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। सोशल मीडिया से लेकर क्षेत्रीय राजनीतिक चचाओं तक उन्हें लगातार बधाइयाँ मिल रही हैं। # राजनीतिक जानकारों का मानना है कि युवाओं के बीच मजबूत पकड़ और सक्रिय सामाजिक छवि के चलते पार्टी ने उन पर भरोसा जताया है। उम्मीद की जा रही है कि उनके नेतृत्व में सेमरियावां क्षेत्र में समाजवादी पार्टी को और मजबूती मिलेगी। नवमनोनीत ब्लॉक अध्यक्ष ई. मुजम्मिल अहमद ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह पार्टी की नीतियों, विचारधारा और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य पूरी निष्ठा से करेंगे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष पूर्व विधायक अब्दुल कलाम जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद अहमद मोहम्मद, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष सैयद फिरोज अशरफ, मौलाना अब्दालुल हक, साहित अन्य नेता गण मौजूद रहे।

## साली को बहला-फुसलाकर ले गया जीजा, मुकदमा दर्ज

मोहसिन रहमानी

**कांधला (वेलकम इंडिया)।** थाना क्षेत्र में रिश्तों को शर्मसार करने का मामला सामने आया है। एक व्यक्ति अपनी ही साली को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी जीजा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के बिजली घर नई बस्ती निवासी एक व्यक्ति ने तीन दिन पूर्व थाने पर तहरीर में बताया कि उसकी पुत्री को उसका दामाद आदिल पुत्र सलीम निवासी गांव खेड़ाकुर्तान बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। आरोप है कि आरोपी युवती को मारुति ईंट भट्टे पर ले गया है। इतना ही नहीं, युवती अपने साथ बैंक से संबंधित कागजात, आधार कार्ड व अन्य जरूरी दस्तावेज भी ले गई है। पीड़ित पिता ने पुलिस को बताया कि उसकी दूसरी पुत्री सुमायला के पास दो वर्ष की बच्ची भी है। घटना के बाद परिवार में चिंता और बेचैनी का माहौल बना हुआ है।

पीड़ित पिता ने पुलिस से अपनी पुत्री को सकुशल बरामद कर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की थी। रविवार को पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी आदिल के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया जल्दी युवती को सकुशल बरामदकर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई कर जेल भेजा जाएगा।

## थाना फतेहपुर क्षेत्र मे एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

राजीव कुमार



**सहारनपुर (वेलकम इंडिया)।** प्राप्त जानकारी के अनुसार बिरमपाल पुत्र जयराम ग्राम अलीपुर संभालकी का मजरा गोल्ली निवासी उम्र लगभग 40 वर्ष बिहारीगढ़ अपनी किसी रिस्तेदारी मे गया था वहीं से विश्वसनीय सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार बिरमपाल ने शराब पी रखी थी जिसकी सूचना रिस्तेदारों ने बिरमपाल के परिजनों को दी तो बिरमपाल का लडका अभीषेक लेने के लिए बिहारीगढ पहुंचा और घर ले आया घर पर हालत जब ठीक नही लगी तो उसके परिजन बिरमपाल को लेकर जीवन ज्योति अस्पताल पहुंचे लेकिन वहां भी हालत नाजुक देखते हुए इनकार कर दिया तो परिजन बिरमपाल को लेकर पंजाब अस्पताल मे लेकर पहुंचे तो डाक्टरों ने वहाँ भी इनकार कर दिया तो परिजन बिरमपाल को लेकर सीएचसी फतेहपुर पहुंचे जंहा डाक्टरों ने बिरमपाल को मर्त घोषित कर दिया जिससे परिजनों मे चिख पुकार मच गयी जिसकी सुचना फतेहपुर पुलिस को दी गयी वही मृतक की पत्नी ने किसी अनहोनी की सम्भावना जताई है मृतक अपने पीछे 3 लड़के व 1 लड़की छोड़कर गया है वही परिवार का रो रोकर बुरा हाल है घर में कोहराम मचा हुआ है फतेहपुर पुलिस ने मृतक को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है आगे की कार्यवाही पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही की जाएगी।

# वीर सैनिकों का राष्ट्रीय सनातन संघ ने किया स्वागत सम्मान

संदीप तिवारी




**वाराणसी मिजार्मुराद(वेलकम इंडिया)।** चोलापुर का ऐतिहासिक शहीद स्मारक रविवार को एक और गौरवशाली अध्याय का साक्षी बना। भारत-पाक संघर्ष के 'ऑपरेशन सिंदूर' में सीमांत पर शौर्य की अमिट गाथा लिखने वाले धरती के लाल अजय यादव एवं मनीष यादव जब मातृभूमि की माटी को नमन करने पहुंचे तो समूचा चोलापुर उनके सत्कार में उमड़ पड़ा।

राष्ट्रीय सनातन संघ ने मां भारती के इन वीर प्रहरियों का अंगवस्त्र एवं माल्यार्पण कर स्मृति-चिन्ह से अभिनंदन किया गया।

सीमा पर इनके अदम्य साहस का स्मरण कर उपस्थित राष्ट्रीय प्रभारी देवेंद्र पांडेय ने उद्घोष किया कि सनातन की यह धरा वीरों को पूजने की परंपरा युगों-युगों तक निभाती रहेगी।

राष्ट्रीय अध्यक्ष कन्हैया पांडेय ने कहा, 'रणबांकुरों के त्याग और तप से ही तिरंगा अभिमान से लहराता है। इनके शौर्य के समक्ष शब्द भी नतमस्तक हैं।' इस पुनीत बेला राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष सर्वेश सिंह , राष्ट्रीय प्रवक्ता योगेश श्रीवास्तव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सूरज चौधरी, मुख्य महासचिव अजय श्रीवास्तव, प्रदेश संरक्षक नागेश्वर सिंह प्रदेश अध्यक्ष राहुल पांडेय, ,मंडल प्रभारी विजय शंकर चौबे मंडल अध्यक्ष सुमन पांडेय मंडल उपाध्यक्ष राजनाथ पांडेय,मंडल महासचिव आनंद राय, मंडल सचिव अनिल मिश्रा ,जिला प्रभारी शिवपूजन सिंह,जिलाध्यक्ष सत्य प्रकाश चतुर्वेदी, जिला उपाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह 'मुन्ना', जिला उपाध्यक्ष विवेक राय, जिला महासचिव प्रदीप पांडेय नगरप्रभारी राजेश त्रिपाठी,नगर अध्यक्ष अवधेश सिंह अभिषेक राय सहित चंद्र प्रकाश सिंह, अतुल राय, दीपक सिंह, अवनीश जयंती पटेल, रामाश्रय मिश्रा विशाल चौबे राजकुमार मिश्रा विश्वनाथ सिंह आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# अहमदगढ थाना पुलिस द्वारा 10 वारंटियों को किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया संवाददाता



**अहमदगढ़/बुलंदशहर।** जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत रविवार को थाना अहमदगढ पुलिस द्वारा विभिन्न वादो में वांछित चल रहे 10 वारंटियों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्तों की गिरफ्तारी के संबंध में थाना अहमदगढ पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम मेघ सिहं उर्फ राजू पुत्र प्रेमपाल सिहं निवासी अहमदगढ़ दीपांशु चौधरी पुत्र रामकुमार उर्फ लीलू निवासी उपरोक्त छोटू पुत्र ज्ञान सिहं निवासी ग्राम बुद्धपुर थाना अहमदगढ प्रमोद पुत्र कल्लू निवासी बिबियाना थाना अहमदगढ गुडडी पत्नी डम्बर निवासी ग्राम खुशरुपुर थाना अहमदगढ आकाश पुत्र डम्बर निवासी उपरोक्त जोनी पुत्र डम्बर निवासी उपरोक्त डम्बर पुत्र नीरन शाह निवासी उपरोक्त राहुल पुत्र डम्बर निवासी उपरोक्त प्रीति पुत्री डम्बर निवासी ग्राम खुशरुपुर थाना अहमदगढ जनपद बुलंदशहर के रहने वाले है।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक वीडी गंगवार एसआई मनीष कुमार, एसआई अनिल कुमार, एसआई रंजीत सिंह का0 हेमन्त कुमार, का0 अर्पित कुमार शामिल रहे।

# मुख्यमंत्री(सीएम) डैशबोर्ड उत्तर प्रदेश की रैंकिंग में माह अप्रैल में मेरठ जोन में प्रथम व प्रदेश में 10वां स्थान किया प्राप्त

वेलकम इंडिया संवाददाता



**बुलंदशहर।** एसएसपी दिनेश कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में पुलिस द्वारा मुख्यमंत्री(सीएम) डैशबोर्ड उत्तर प्रदेश की रैंकिंग में माह अप्रैल में मेरठ जोन में प्रथम व प्रदेश में 10वां स्थान प्राप्त किया।उत्तर प्रदेश शासन द्वारा 'सीएम डैशबोर्ड' के माध्यम से सरकारी योजनाओं, विकास कार्यों और विभागीय प्रदर्शनों की रीयल-टाइम निगरानी और फील्ड अधिकारियों के कार्यों का मूल्यांकन किया जाता हैं। 'सीएम डैशबोर्ड' पर 53 विभागों के 588 से अधिक प्रोजेक्ट्स और योजनाओं की रीयल-टाइम मॉनिटरिंग की जाती है। जनपदीय पुलिस द्वारा शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, नियमित मॉनिटरिंग एवं समयबद्ध कार्यवाही के परिणामस्वरूप 'सीएम डैशबोर्ड' की रैंकिंग में माह अप्रैल में मेरठ जोन में प्रथम व प्रदेश में 10वां स्थान प्राप्त किया।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा इस उपलब्धि के लिए समस्त पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों की सराहना करते हुए भविष्य में भी जनसेवा, संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करते रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# विवाहिता ने प्रेमी के लिए पति को नशीला पदार्थ दिया, नकदी और मोबाइल लेकर प्रेमी सँग फुर्र

वेलकम इंडिया संवाददाता




**जहाँगीराबाद।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव बांसुरी में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहाँ एक युवक ने अपनी पत्नी और उसके कथित प्रेमी पर गंभीर आरोप लगाते हुए थाने में एक शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित युवक का आरोप है कि उसकी पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर न केवल उसे जान से मारने की कोशिश की, बल्कि पूरे परिवार को नशीला पदार्थ खिलाकर नकदी और मोबाइल लेकर फरार हो गई। पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार, घटना की शुरूआत 2 मई को हुई। पीड़ित जब अपने घर पहुँचा, तो उसे कमरे में किसी की आहट सुनाई दी, जिससे पीड़ित ने कमरे की जाँच शुरू कर दी। जाँच करने पर गाँव का ही एक युवक कमरे की तांड से नीचे उतरकर गाली गलौच करते हुए बाहर निकला और पीड़ित के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि आरोपी ने पीड़ित युवक का गला दबाकर उसे जान से मारने का प्रयास किया। शोर सुनकर जब पीड़ित का भाई वहाँ पहुँचा, तो आरोपी दीवार फांदकर भाग निकला। पीड़ित का यह भी आरोप है कि आरोपी ने उसकी पत्नी के साथ अश्लील वीडियो होने का दावा करते हुए उसे चुप रहने के लिए धमकाया। तहरीर में शिकायत के मुताबिक, 6 मई की रात साजिश के तहत पीड़ित की पत्नी ने खाने में कोई नशीला पदार्थ मिला दिया। खाना खाने के बाद पीड़ित, उसका भाई और बच्चे बेहोश हो गए। इसी का फायदा उठाकर पत्नी घर में रखी 25 हजार रुपये की नकदी और मोबाइल फोन लेकर प्रेमी के साथ रफूचक्कर हो गई। पीड़ित का दावा है कि आरोपी उसकी पत्नी को स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर बैठाकर ले गया है, जिसकी सीसीटीवी फुटेज भी मौजूद है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि आरोपी अब अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा है और बच्चों को नुकसान पहुँचाने की बात कहकर उसे डरा रहा है। पीड़ित को अंदेशा है कि उसकी पत्नी को बंधक बनाकर रखा गया है। घटना के बाद पीड़ित ने डायल 112 पर सूचना दी और अब कोतवाली में नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# विधायक प्रतिनिधि अदिति सिंह पटेल के आगमन पर समर्थकों ने किया स्वागत



संदीप तिवारी

**कछवारोड़(वेलकम इंडिया)।** क्षेत्र की विधायक प्रतिनिधि अदिति सिंह पटेल आज दिनांक 10.5.2026 दिन रविवार को समाजसेवी सतीश तिवारी के गांव मानापुर छतेरी उनके निजी आवास पर पर पहुंच समाजसेवी सतीश तिवारी के स्वास्थ के बारे में जाना।विधायक प्रतिनिधि अदिति सिंह पटेल समाजसेवी सतीश तिवारी के घर मानापुर छतेरी पर पहुंचने की सुचना लगते ही भारी संख्या में ग्रामवासी अपने लोक प्रिय नेता को देखने के लिए इकट्ठा हुए। उनके पहुंचते ही उनका स्वागत किया गया उसके पश्चात जनता की समस्या के बारे मे भी जानकारी ली समाज सेवी सतीश तिवारी द्वारा माला, भगवा रंग का गमछा पहनाकर व प्रभु श्री राम चंद्र जी का फोटो भेंटकर उनका किया गया। इस अवसर पर मौजुद राजमन तिवारी, राजेश तिवारी, अवधेश तिवारी, प्रमोद गौंड, आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# एमआईईटी में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न, भविष्य की आधुनिक सामग्रियों पर हुआ गहन मंथन

उज्जवल रस्तौगी



**मेरठ(वेलकम इंडिया)।** मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के यांत्रिक अभियांत्रिकी विभाग में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन तथा मटेरियल रिसर्च सोसाइटी ऑफ इंडिया, दिल्ली चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का सफल समापन हुआ। सम्मेलन का विषय 'भविष्य में उपयोग होने वाली नई आधुनिक सामग्री और उनके नवीन आविष्कार' रहा।

सम्मेलन में देश-विदेश के विशेषज्ञों, शोधकताओं एवं शिक्षाविदों ने आधुनिक विज्ञान, रक्षा तकनीक और अभियांत्रिकी से संबंधित विभिन्न विषयों पर अपने शोध एवं विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में 50 से अधिक तकनीकी विशेषज्ञों ने सहभागिता की, जबकि 100 से अधिक अंतरराष्ट्रीय शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। इसके अतिरिक्त 10 से अधिक विदेशी शिक्षाविदों ने भी सम्मेलन में भाग लेकर अपने अनुभव साझा किए।

सम्मेलन संयोजक डॉ. विपिन शर्मा ने बताया कि सम्मेलन के लिए कुल 307 शोध पत्र प्राप्त हुए, जिनमें बड़ी संख्या में विदेशी शिक्षाविदों के शोध पत्र शामिल रहे। अमेरिका, ओमान, अल्जीरिया, इराक, ईरान, दक्षिण अफ्रीका, मोरक्को तथा तुर्की सहित कई देशों के शोधकताओं ने सम्मेलन में अपने शोध प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन विष्णु शरण, वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, कैंपस निदेशक डॉ. संजय सिंह, डीन एकेडमिक्स डॉ. संजीव सिंह, डॉ. हुसैन मेहदी, डॉ. पीयूष गुप्ता, डॉ. श्वेतांशु गौरव, मधुर कुमार दुबे तथा डॉ. पंकज गुप्ता सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सपाईयों को बहांपुर धरना प्रदर्शन में जाने से रोका



वेलकम इंडिया संवाददाता

**स्याना/बुलंदशहर/स्याना।** सपा कार्यकताओं को पुलिस ने बुलंदशहर के गांव बहांपुर मे किसानों की जमीन को लेकर हो धरना-प्रदर्शन में जाने से रोक दिया। सपा नगराध्यक्ष सफीक चौधरी ने बताया कि बुलंदशहर के गांव बहांपुर में किसानों की जमीन को लेकर धरना-प्रदर्शन चल रहा है। किसानो की समस्याओं को सुनने तथा उनके धरना-प्रदर्शन मे शामिल होने के लिए समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल बहांपुर जा रहा था, लेकिन समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल को वहां जाने नहीं दिया गया। बताया कि पार्टी के स्याना नगराध्यक्ष चौधरी शफीक सभासद, खानपुर नगराध्यक्ष इकबाल कुरैशी. अल्पसंख्यक सभा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष फईम चौधरी, अल्पसंख्यक सभा के नगराध्यक्ष नाजिम चौधरी, नगर महासचिव पूर्व सभासद रामबाबू जाटव. अल्पसंख्यक मोर्चे के जिला सचिव मारूफ चौधरी, अरसद कुरैशी, बुलन्दशहर के जिलाध्यक्ष मतलूब अली को गांव हिम्मतपुर मे पुलिस प्रशासन द्वारा रोक दिया गया किया। शफीक चौधरी ने कहा कि लोकतंत्र की हत्या है, किसानो से मिलने नही दिया जा रहा है। यह सरकार की दमनकारी नीति है। गरीब किसानों की जमीन हड़पने की सपा विरोधी है।

# 10 वीं की टॉपर छात्रा भूमि चौधरी को विद्यालय प्रबंधन ने इक्कीस हजार रुपए का चैक देकर किया सम्मानित

वेलकम इंडिया संवाददाता




**शिकारपुर/बुलंदशहर।** रविवार को आर एस मेमोरियल ओलंपियन पब्लिक स्कूल शिकारपुर की कक्षा 10 की छात्रा भूमि चौधरी के तहसील टॉपर बनने पर आज उनके परिवार द्वारा एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार एवं क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने प्रतिभाशाली छात्रा को सम्मानित कर उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।

समारोह में विद्यालय की ओर से छात्रा भूमि चौधरी को 21,000 का चेक प्रदान किया गया तथा फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य सम्मानित अतिथियों एवं समाजसेवियों ने भी भूमि के उत्साहवर्धन हेतु उपहार भेंट किए और उनकी उपलब्धि की सराहना की।

निदेशिका प्रवेश चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि 'भूमि चौधरी की यह सफलता केवल उनके परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे विद्यालय एवं क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।

कठिन परिश्रम, अनुशासन और निरंतर प्रयास से कोई भी विद्यार्थी सफलता की ऊँचाइयों को प्राप्त कर सकता है। विद्यालय सदैव विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बेहतर मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।' कार्यक्रम का वातावरण उत्साह एवं गौरव से परिपूर्ण रहा। उपस्थित सभी लोगों ने भूमि चौधरी की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इस अवसर पर विद्यालय की निदेशिका प्रवेश चौधरी,अध्यक्ष हरेंद्र सिंह तथा प्रधानाचार्य विनोद प्रकाश शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## ग्रह क्लेश में विषपान किया हुई मौत

**बुगरासी(वेलकम इंडिया)।** शनिवार शाम क्षेत्र के गांव कटीरी निवासी एक व्यक्ति ने ग्रह क्लेश के चलते विषपान कर लिया जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव कटीरी निवासी एक व्यक्ति ने ग्रह क्लेश के चलते गेहू में रखने वाली गोलियां खा ली।खबर लगते ही परिजन कस्बे के एक अस्पताल में ले गये जहां इलाज के दौरान उस व्यक्ति की मौत हो गई।किसी व्यक्ति ने 112 न0 पुलिस को फोन पर सूचना दे दी। मौके पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव में आ गया। परिजनों व ग्रामीणों ने गमगीन माहौल में शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। पुलिस के अनुसार अभी तक लिखित में कोई शिकायत नही की गई है।अगर शिकायत मिलती है तो जांच पड़ताल कर कार्रवाई की जायेगी।

## छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**शिकारपुर(वेलकम इंडिया)।** अहमदगढ़ थाना पुलिस ने युवती से छेड़छाड़ के मामले में थाना सलेमपुर क्षेत्र के गांव चित्सौन निवासी दुर्गेश उर्फ दुर्गा को गिरफ्तार किया है। एक गांव निवासी युवती के पिता ने गत 7 मई को आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ का नामजद मुकदमा दर्ज कराया था।

# तीर्थ नगरी कर्णवास को जोड़ने वाला डिबाई मार्ग बदहाल, लोगों में रोष

वेलकम इंडिया संवाददाता




**डिबाई।** जनपद बुलंदशहर की पावन तीर्थ नगरी कर्णवास को डिबाई से जोड़ने वाला मुख्य मार्ग वर्षों से बदहाल स्थिति में पड़ा हुआ है। सड़क जगह-जगह से टूट चुकी है, गहरे गड्ढों और उखड़े डामर के कारण राहगीरों, श्रद्धालुओं, छात्रों और किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आगामी 24 जून को गंगा दशहरा मेले में लाखों श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना को देखते हुए क्षेत्रवासियों ने जल्द सड़क निर्माण की मांग उठाई है।

कर्णवास गंगा तट पर बसी ऐतिहासिक एवं धार्मिक नगरी है, जहां मां कल्याणी देवी मंदिर, भूतेश्वर महादेव मंदिर एवं पावन गंगा घाटों पर प्रतिदिन श्रद्धालु पहुंचते हैं। इसके अलावा डिबाई क्षेत्र के लगभग आधे हिस्से से लोग कर्णवास श्मशान घाट पर दाह संस्कार के लिए आते हैं, लेकिन मुख्य मार्ग की जर्जर स्थिति लोगों की पीड़ा बढ़ा रही है। यह मार्ग केवल कर्णवास ही नहीं बल्कि दर्जनों गांवों की जीवन रेखा माना जाता है। छात्र-छात्राएं पढ़ाई के लिए, किसान मंडी एवं बाजार के लिए तथा ग्रामीण रोजमर्रा के सामान हेतु प्रतिदिन डिबाई आते-जाते हैं।

साथ ही अलीगढ़, बुलंदशहर, गाजियाबाद, मेरठ, दिल्ली और बदायूं जाने वाले लोगों के लिए भी डिबाई मुख्य संपर्क केंद्र है, जिससे इस मार्ग का महत्व और बढ़ जाता है।

सामाजिक संस्था 'वंदनम्‌गंगे टीम' ने सड़क की बदहाल स्थिति पर चिंता जताते हुए जल्द निर्माण की मांग की है। टीम के संस्थापक वेदप्रकाश एडवोकेट ने कहा कि गंगा दशहरा जैसे बड़े धार्मिक आयोजन से पहले सड़क का निर्माण होना बेहद आवश्यक है, अन्यथा श्रद्धालुओं और आम जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि इस संबंध में जल्द ही अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

इस दौरान विकेश बंसल, आशीष कुमार, लोकेश ठाकुर, सागर वर्मा, केपी सिंह वर्मा, यशवीर सिंह, हीरालाल, जितेंद्र कुमार, निखिल ठाकुर, अनेश गोला एडवोकेट, ज्ञानेश राजपूत, प्रदीप कुमार, छायांक राजपूत, लाखन सिंह राजपूत, सोनू, धर्मेंद्र, दीपक, महेश एवं योगेश राजपूत सहित अन्य लोगों ने भी सड़क निर्माण की मांग उठाई। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि गंगा दशहरा मेले से पूर्व कर्णवासझडिबाई मार्ग का पुनर्निर्माण कराया जाए, ताकि तीर्थ नगरी आने वाले श्रद्धालुओं और आम जनता को राहत मिल सके।

# फिटनेस विहीन आधा दर्जन बाल वाहिनियां सीज

वेलकम इंडिया संवाददाता



**धौलपुर।** जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी टी एवं जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में स्कूल वाहनों के विरुद्ध विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत नियमों की अनदेखी करने वाले निजी विद्यालयों की बसों पर सख्त कार्रवाई की गई है। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि कई स्कूल संचालक अपने वाहनों की नियमित फिटनेस नहीं करा रहे हैं तथा यातायात नियमों की लगातार अवहेलना कर रहे हैं। इसे गंभीरता से लेते हुए विभाग की ओर से संघन जांच अभियान शुरू किया गया है, जिसमें परिवहन निरीक्षक विद्यालयों में पहुंचकर बसों का भौतिक सत्यापन कर रहे हैं। परिवहन निरीक्षक दीपक शर्मा ने बताया कि निजी विद्यालयों की बसों की जांच के दौरान कई वाहनों की स्थिति बेहद खराब पाई गई। अनेक बसों के पास फिटनेस प्रमाण पत्र नहीं था तथा परमिट संबंधी कमियां भी सामने आईं। विद्यालय संचालकों को पूर्व में पर्याप्त समय देकर सुधार के निर्देश दिए गए थे, लेकिन इसके बावजूद आवश्यक दस्तावेज दुरुस्त नहीं कराए गए। कार्रवाई के दौरान एवीएम विद्यालय सहित कई स्कूलों की बसों में गंभीर कमियां पाई गईं। मौके पर चार बसों को सीज किया गया, जबकि कुल मिलाकर आधा दर्जन बाल वाहिनियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को केवल उन्हीं स्कूल वाहनों से भेजें जिनकी फिटनेस एवं सुरक्षा मानक पूरे हों। विभाग द्वारा पहले जागरूकता एवं समझाइश अभियान चलाया गया था, लेकिन लापरवाही जारी रहने पर अब सख्त कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# मदर्स डे पर आरएसी परिसर में बांधे परिंडे

वेलकम इंडिया संवाददाता



**धौलपुर।** मदर्स डे के अवसर पर नया दर्शन संस्था द्वारा डॉ. नरेंद्र कुमार शर्मा की प्रेरणा से आरएसी परिसर में पक्षियों के लिए परिंडे बांधने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सहायक कमांडेंट सुरेश सांखला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर सहायक कमांडेंट सुरेश सांखला ने कहा कि भीषण गर्मी के समय प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर एवं आसपास के छायादार स्थानों पर पक्षियों के लिए परिंडे बांधने चाहिए तथा उनमें नियमित रूप से पानी की व्यवस्था करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में पानी के अभाव में बड़ी संख्या में पक्षियों की मृत्यु हो जाती है, जिन्हें जनजागरूकता और छोटे-छोटे प्रयासों से बचाया जा सकता है। उन्होंने आरएसी जवानों से परिंडों की नियमित देखभाल करने एवं उनमें निरंतर पानी उपलब्ध कराने की अपील की। नया दर्शन संस्था के अध्यक्ष चंद्र मोहन पाराशर एडवोकेट ने बताया कि संस्था द्वारा प्रतिवर्ष परिंडे बांधने का अभियान चलाया जाता है। इस वर्ष संस्था ने 151 परिंडे बांधने का लक्ष्य निर्धारित किया है। कार्यक्रम में कंपनी कमांडर हरि सिंह, हेड कांस्टेबल भगवान दास, शैलेंद्र सिंह, राम अवतार, हीरा बहादुर एवं राम विलास सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। संस्था के सचिव रंजीत दिवाकर ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया।

# प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में एनडीए प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएगा : के सी त्यागी

**अनिल वशिष्ठ**





**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** रालोद में शामिल होने के बाद जनपद गाज़ियाबाद में प्रथम बार आगमन पर पूर्व सांसद के सी त्यागी का यू पी गेट से लेकर मोदीनगर तक कई जगहों पर रालोद कार्यकताओं ने उनका भव्य स्वागत किया गया। पार्टी कार्यालय पर कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए एवं महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ पूनम गर्ग के निवास स्थान पर आयोजित प्रेस वार्ता मेंउन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में रालोद मजबूत होगा तो एनडीए मजबूत होगा । उन्होंने कहा कि 2027 के उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में एनडीए प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएगा । रालोद कार्यकताओं से कहा कि वो जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं का समाधान कराए । उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व चौधरी चरण सिंह जी ने लोकदल का निर्माण ही किसानों, मजदूरों व नौजवानों, दलितो की आवाज उठाने के लिए किया था । रालोद कार्यकताओं ने उनका स्वागत यू पी गेट, साहिबाबाद, मेरठ रोड रालोद कार्यालय, मोरटा , लैंड क्राफ्ट सोसायटी, असालतपुर, मुरादनगर, मोदीनगर सहित एक दर्जन स्थानों पर उनका स्वागत किया गया । इस दौरान उन्होंने रास्ते में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व चौधरी चरण सिंह जी भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी, व शहीद आशाराम त्यागी जी कीं प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया । इस अवसर पर रालोद के ज़िलाध्यक्ष रामपाल सिंह, सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चेयरमैन अमरजीत सिंह बिडडी, राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय वीर सिंह एडवोकेट, सुरेन्द्र त्यागी , परदेश सचिव रण बीर दहिया, महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ पूनम गर्ग क्षेत्रीय महामंत्री बिटटू खंजर पुर, विनोद गौतम, अरुण दहिया एडवोकेट, अरुण कुमार भुललन, हिमांशु नागर, मनोज कुमार राठी, प्रदीप मुखिया, पपन मास्टर , देवेंद्र चेयरमैन पतला, अनिल त्यागी चेयरमैन निवाडी ,योगेश फफराना, नरेन्द्र जाटव, मनोज त्यागी, आलोक चौधरी, जयवीर नेहरा, अरुण कुमार शर्मा, अकरम खान, हाजी तौहिर, अनुज त्यागी, देवेंद्र प्रधान, जुनैद , बीर सिंह सलेमाबाद, सुमन चौधरी, राखी सिंधु, निहाल चंद जाटव , आकाश गौतम एडवोकेट, हरपाल सिंह एडवोकेट, जोनी जाटव, अमित जाटव, आदित्य गौतम एडवोकेट आदि शामिल रहे ।

# डॉ. के. एन. मोदी ग्लोबल स्कूल की शाखा प्रीटी पेंग्विंस में मदर'एस डे सेलिब्रेशन

## स्प्लैश का लव और केयर का आयोजन

**अनिल वशिष्ठ**



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** डॉ. के. एन. मोदी ग्लोबल स्कूल की शाखा प्रिटी पेंगुइन्स स्कूल में मदर्स डे के उपलक्ष्य में 'फ़्लैश ऑफ लव एंड केयर' नामक भव्य पूल पार्टी का आयोजन बड़े उत्साह और आनंद के साथ किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में 300 से अधिक माताओं ने भाग लेकर आयोजन को यादगार बना दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं के प्रेम, समर्पण और देखभाल को सम्मान देना था। पूरे कार्यक्रम के दौरान माताओं और बच्चों ने पूल पार्टी, म्यूजिक, डांस, मजेदार गेम्स और कई मनोरंजक गतिविधियों का भरपूर आनंद लिया। इस विशेष अवसर पर माताओ के लिए केक कटिंग का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर एक विशेष सौंदर्य प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किया गया, जिसे द प्रिंसेस सैलून 'वी एल सी सी' आर्टिस्ट मिस एकता और उनकी टीम द्वारा गठित किया गया, जिसमें माताओं को रिलैक्स और स्पेशल महसूस कराने के लिए कई आकर्षक सौंदर्य प्रशिक्षण जिसमें हेयरकट, हेयर स्टाइल, मसाज, डेली मेकअप के बारे में बताया और सिखाया गया। कार्यक्रम का माहौल प्यार, हंसी, खुशी और खुबसूरत यादों से भर गया। स्कूल हेडमिस्ट्रेस श्रीमती प्रेरणा वर्मा ने सभी माताओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी के लिए धन्यवाद व्यक्त किया और कहा कि यह आयोजन परिवार के प्यार, अपनापन और मजबूत रिश्तों का सुंदर प्रतीक बना। माँ का प्यार जीवन की सबसे खूबसूरत शक्ति है, और यह आयोजन उसी प्रेम को समर्पित एक छोटा सा प्रयास था।

# मातृ दिवस के अवसर पर ब्राइटलैंड अकादमी में कार्यक्रम आयोजित



**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** मातृ दिवस के अवसर पर ब्राइटलैंड अकादमी में आयोजित विशेष कार्यक्रम में महिला पंजाबी संगठन एवं लायंस क्लब मोदीनगर उड़ान इंटरनेशनल की टीम को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में सभी अतिथियों का सम्मान स्मृति चिन्ह एवं पौधे भेंट कर किया गया।

इस अवसर पर डॉ. शालिनी नैय्यर ने अपने संबोधन में विद्यालय परिवार एवं समस्त शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए मातृत्व के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि माँ केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं, बल्कि संस्कारों की प्रथम गुरु भी होती है। कार्यक्रम में अध्यक्ष अविनाश शर्मा, प्रबंध न्यासी एवं संस्थापक डिंपल शर्मा तथा प्रधानाचार्या प्रियंका शर्मा का विशेष सहयोग एवं आतिथ्य सराहनीय रहा। डॉ. शालिनी नैय्यर के साथ गीता मोहन अरोड़ा, लिपाक्षी ग्रोवर, अंजली अरोड़ा, मीनू त्यागी, सपना कुमार, विशाखा मित्रा, कोमल शर्मा, अमिता आहूजा एवं रोजी आनंद भी उपस्थित रहीं।

# उत्थान फाउंडेशन द्वारा अंतरराष्ट्रीय मातृ दिवस पर भव्य समारोह का आयोजन

**अनिल वशिष्ठ**



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** उत्थान फाउंडेशन द्वारा अंतरराष्ट्रीय मातृ दिवस के अवसर पर अंबेडकर लाइब्रेरी, कस्बा रोड, मोदीनगर में एक भावपूर्ण एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मातृत्व की महत्ता को सम्मान देना तथा समाज में महिलाओं एवं माताओं की भूमिका के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। कार्यक्रम में 'बढ़ते कदम योजना' के अंतर्गत अंग्रेजी बोलना सीख रहे विद्यार्थियों की माताओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने मंच पर अंग्रेजी भाषा में आत्मविश्वास के साथ अपनी प्रस्तुतियाँ दीं। विद्यार्थियों ने अभिवादन, परिचय, संवाद एवं लघु भाषण प्रस्तुत कर यह दशार्या कि वे निरंतर प्रशिक्षण के माध्यम से अंग्रेजी बोलने में दक्ष हो रहे हैं। इस अवसर पर मातृ दिवस विषय पर ग्रीटिंग कार्ड निर्माण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के प्रति प्रेम, सम्मान एवं भावनाओं को आकर्षक कार्डों के माध्यम से व्यक्त किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोदीनगर नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली एवं विशिष्ट अतिथि भीम युवा संघर्ष समिति से विनोद कर्दम रहे। दोनों अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान उत्थान के अध्यक्ष सीए राहुल जैन तथा संस्था के वरिष्ठ सदस्य अनिल भार्गव द्वारा पटका एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि माताएं समाज की आधारशिला होती हैं और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में उनकी भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था कि संस्थापक सचिव डॉ सोनिका जैन ने कहा कि माताएं बच्चों के जीवन की प्रथम गुरु होती हैं तथा उनके संस्कार, त्याग और मार्गदर्शन से ही एक सशक्त समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने कहा कि उत्थान फाउंडेशन भविष्य में भी शिक्षा एवं महिला सशक्तिकरण से जुड़े ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित करता रहेगा। इस अवसर पर संस्था की सक्रिय महिला सदस्यों अनु महेश्वरी, माला भार्गव, कविता गुप्ता, सोनिया गर्ग, डॉ रश्मि मालिक और ज्योति रानी को समाज सेवा एवं संस्था के कार्यों में योगदान हेतु सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी माताओं एवं विद्यार्थियों को उपहार वितरित किए गए। समारोह का वातावरण भावनात्मक, उत्साहपूर्ण एवं प्रेरणादायक रहा। कार्यक्रम में सागर कुमार, सोमेश, अजय कर्दम, कमल कांत सहित अनेक गणमान्य नागरिक, अभिभावक एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पंडित हरेंद्र शर्मा ब्राह्मण महासभा के नगर अध्यक्ष बनाए गए



**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा 258 के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित बी डी शर्मा के निर्देशन पर जिला अध्यक्ष बुद्ध प्रकाश शर्मा ने पंडित हरेंद्र शर्मा को मोदीनगर के अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया ' इस अवसर पर जिले के महामंत्री लोकेश कौशिक, पूर्वांचल अध्यक्ष मनोज तिवारी, सभा के मोदीनगर के संरक्षक चतर सेन शास्त्री उपस्थित रहे ! सभी ने हरेंद्र शर्मा को मनोनीत पत्र प्रदान किया ' सभा के राष्ट्रीय महामंत्री शिव मोहन भारद्वाज ने हरेंद्र शर्मा को शीघ्र अपनी कार्यकारिणी बनाकर मोदीनगर में शपथ ग्रहण करने के लिए निर्देशित किया ' मोदीनगर में शीघ्र ही सभा की कार्यकारिणी बनाकर शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# योग में सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल का परचम, विद्यार्थियों ने जीते स्वर्ण व कांस्य पदक

**अनिल वशिष्ठ**





**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने योग फेडरेशन आफ इंडिया द्वारा आयोजित जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विभिन्न आयु वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण एवं कांस्य पदक प्राप्त किए। 8 से 10 वर्ष आयु वर्ग में कक्षा 5 की छात्रा आराध्या कौशिक ने ट्रेडिशनल योग में कांस्य पदक प्राप्त किया। 10 से 12 वर्ष वर्ग में कक्षा 6, के छात्र आरुष त्यागी ने ट्रेडिशनल योग में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय को गौरवान्वित किया तथा सोलो योग में चौथा स्थान प्राप्त किया। वहीं 14 से 16 वर्ष वर्ग में कक्षा 10 की छात्रा इशिता ने ट्रेडिशनल योग एवं सोलो योग दोनों प्रतियोगिताओं में कांस्य पदक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय ने कुल 1 स्वर्ण, 1 रजत एवं 3 कांस्य पदक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण है। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. सरिता सिंधु ने सभी विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि योग केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास एवं स्वस्थ जीवन का आधार है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत एवं समर्पण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधक श्री तुषार गुप्ता ने विद्यार्थियों की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है तथा खेल एवं योग जैसी गतिविधियाँ बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विद्यालय की निदेशक डॉ. शिखा दरबारी ने विद्यार्थियों एवं प्रशिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम, नियमित अभ्यास एवं सकारात्मक सोच ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विद्यालय परिवार ने सभी विजेता विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं प्रशिक्षकों श्रीमती अर्चना शर्मा को इस शानदार उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी।

# लघु उद्योग भारती की वर्षगांठ पर होगा भव्य कार्यक्रम



**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** लघु उद्योग भारती की 33 वीं वर्षगांठ के अवसर पर होने वाले भव्य कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री राकेश सचान को आमंत्रण दिया है। लघु उद्योग भारती की 33वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में संगठन की मोदीनगर इकाई के प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने हेतु आमंत्रण दिया। प्रतिनिधिमंडल में लघु उद्योग भारती मोदीनगर इकाई के अध्यक्ष सतेन्द्र कुमार गौतम, महासचिव प्रवीण डबास, कोषाध्यक्ष यशवीर यादव एवं पूर्व जिला महासचिव राजीव शर्मा उपस्थित रहे। इस अवसर पर लघु उद्योग भारती मोदीनगर इकाई के पदाधिकारियों ने मंत्री राकेश सचान को लघु उद्योग भारती द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों के हित में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी तथा 33 वीं वर्षगांठ समारोह की रूपरेखा से अवगत कराया। कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने लघु उद्योग भारती के आमंत्रण को स्वीकार करते हुए समारोह हेतु अपनी सहज स्वीकृति प्रदान की व उद्योगों के विकास एवं उद्यमियों के हित में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

# मातृत्व के सम्मान में भावनाओं का उत्सव: वीवीआईपी मॉल में डीपीएस एचआरआईटी किड्स का भव्य मातृ दिवस समारोह

## रैंप वॉक, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और 'मैं और माँ' गतिविधियों ने जीता दिल

**वेलकम इंडिया संवाददाता**





**गाजियाबाद।** दिल्ली पब्लिक स्कूल एचआरआईटी किड्स, कृष्णा एन्क्लेव, राजनगर एक्सटेंशन द्वारा मातृ दिवस का भव्य एवं भावनात्मक समारोह हीरा स्वीट्स, सभागार, वीवीआईपी मॉल, राजनगर एक्सटेंशन में उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का वातावरण प्रेम, सम्मान और उमंग से परिपूर्ण रहा।

कार्यक्रम की शुरूआत सभी माताओं का बैज एवं तिलक लगाकर पारंपरिक स्वागत के साथ हुई, जिससे पूरे आयोजन में आत्मीयता और गरिमा का भाव झलकता रहा। मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती नंदनी शेखर, प्रधानाचार्या, दिल्ली पब्लिक स्कूल एचआरआईटी कैम्पस उपस्थित रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथि श्री अभिषेक शर्मा, संयोजक, गाजियाबाद विकास मंच ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

'मैं और माँ' गतिविधियों के अंतर्गत माँ-बच्चों की जोड़ियों ने सैर-सपाटा, गायन एवं नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियाँ देकर सभी का मन मोह लिया। रैंप वॉक और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आकर्षण का केंद्र रहे। मुख्य अतिथि श्रीमती नंदनी शेखर ने कहा कि 'माँ ही बच्चे की प्रथम गुरु होती है।' वहीं विशिष्ट अतिथि अभिषेक शर्मा ने कहा कि 'सशक्त माँ से ही सशक्त समाज का निर्माण संभव है।' इस अवसर पर उपस्थित सभी माताओं को पटका पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन दिव्या त्यागी द्वारा किया गया तथा अंत में सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया गया।

# साइबर ठगों के मंसूबों पर फिरा पानी, 2.40 लाख वापस



**गाजियाबाद(वेलकम इंडिया)।** थाना लिंक रोड की साइबर सेल पुलिस ने साइबर ठगी के एक मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए पीड़ित को 2 लाख 40 हजार रुपये की धनराशि वापस कराई है। यह कार्रवाई साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। जानकारी के अनुसार ब्रिज विहार, साहिबाबाद निवासी राहुल जैन ने थाना लिंक रोड में धारा 66ऊआईटी एक्ट के तहत शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि उनके मोबाइल फोन में एक एपीके (अढङ) फाइल भेजकर फोन हैक कर लिया गया और साइबर अपराधियों ने उनके खाते से 3 लाख 45 हजार रुपये की ठगी कर ली। मामले को गंभीरता से लेते हुए साइबर सेल थाना लिंक रोड की टीम ने जांच शुरू की और संबंधित बैंकों से लगातार पत्राचार एवं तकनीकी प्रयासों के जरिए ठगी गई रकम में से 2 लाख 40 हजार रुपये पीड़ित के खाते में वापस कराए। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान लिंक, एपीके फाइल या संदिग्ध मोबाइल एप्लीकेशन को डाउनलोड न करें और साइबर ठगी होने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 या नजदीकी साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराएं।

# देहात विस 27 में सुभासपा का जनसंपर्क तेज, 2 हजार सपा कार्यकताओं ने थामा पार्टी का दामन

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**मुरादाबाद।** देहात विधानसभा 27, मुरादाबाद में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी का जनसंपर्क अभियान लगातार तेज होता जा रहा है। शनिवार को विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में सार्वजनिक कार्यक्रम एवं जन चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने भाग लिया।

### 7 गांवों में हुई जन चौपाल

कार्यक्रम के तहत ग्राम अवबाकरपुर, गौहरपुर सुल्तानपुर, लालूवाला, लालूवाल की मिलक, तिगरी, भोपुर एवं रामपुर दोराहा सहित कई ग्रामीण क्षेत्रों में जन चौपाल कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान देहात विधानसभा 27 मुरादाबाद से विधायक प्रत्याशी एवं सुभासपा जिलाध्यक्ष रवि चौधरी ने क्षेत्रवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं।

### सड़क-नाली-बिजली पर उठे सवाल

जन चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने बच्चों की शिक्षा, गलियों की टूटी सड़कें, नाली व्यवस्था, बिजली समस्या एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं रवि चौधरी के सामने रखीं। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया।

### 2000 सपा कार्यकर्ता सुभासपा में शामिल

शनिवार को देहात विधानसभा क्षेत्र के लगभग 10 ग्रामीण अंचलों में जन चौपाल कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की सबसे बड़ी बात यह रही कि लगभग 2 हजार समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने सुभासपा की सदस्यता ग्रहण की। सभी कार्यकताओं ने विधायक प्रत्याशी रवि चौधरी के सानिध्य में पार्टी का दामन थामा।

### नासिर भाई के नेतृत्व में चला अभियान

यह सदस्यता अभियान देहात विधानसभा प्रभारी नासिर भाई, इरशाद भाई एवं नाजिम भाई के नेतृत्व में संपन्न हुआ। सभी नव-समर्थकों का पार्टी में जोरदार स्वागत किया गया।

### 'जनता चाहती है विकास': रवि चौधरी

इस अवसर पर रवि चौधरी ने कहा कि क्षेत्र की जनता अब विकास, सम्मान और मजबूत नेतृत्व चाहती है। 'सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी लगातार जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठा रही है। क्षेत्र की जनता का मिल रहा अपार समर्थन आने वाले समय में बड़ा परिवर्तन लाएगा,' उन्होंने कहा।

# जन्मदिवस पर सेवा की मिसाल: राज्यपाल जनरल वी.के. सिंह ने टीबी मरीजों को बांटी पोषण पोटली

## रेड क्रॉस कार्यक्रम में मानवता और करुणा का अद्भुत प्रदर्शन, 'सेवा ही परमो धर्मः' का संदेश गूंजा

कपिल चौहान






**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** जन्मदिवस के अवसर पर सेवा और संवेदना की अनूठी मिसाल पेश करते हुए मेघालय के महामहिम राज्यपाल एवं पूर्व थलसेना प्रमुख वी.के. सिंह ने गाजियाबाद स्थित अपने आवास पर आयोजित कार्यक्रम में 20 क्षय रोगियों को अपने कर-कमलों से पोषण पोटली वितरित की और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। यह सेवा कार्यक्रम इंडियन रेड क्रास सोसाइटी, गाजियाबाद इकाई के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें समाजसेवा और जनकल्याण की भावना को प्रमुख रूप से प्रस्तुत किया गया।

### चार वर्षों से जारी सेवा की परंपरा

रेड क्रॉस गाजियाबाद द्वारा बताया गया कि पिछले चार वर्षों से महामहिम के जन्मदिवस एवं पारिवारिक अवसरों पर ऐसे सेवा कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर किया जा रहा है, जो समाज में सेवा भावना को मजबूत कर रहे हैं।

### इनर व्हील क्लब की सहभागिता

कार्यक्रम में इनर व्हील क्लब गाजियाबाद ग्रेटर की सक्रिय भूमिका रही। क्लब सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया, जिसके लिए महामहिम ने आभार व्यक्त किया।

### टीबी मुक्त भारत की दिशा में संकल्प

कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने टीबी उन्मूलन अभियान को गति देने का संकल्प लिया और समाज में अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जुड़ने का आ'ान किया।

### आभार एवं शुभकामनाएं

कार्यक्रम के सफल संचालन में सुभाष गुप्ता, सुषमा गुप्ता, मनोज अग्रवाल, बीना श्रीवास्तव, संजय यादव, गरिमा यादव सहित अन्य सहयोगियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। समापन पर सभी ने महामहिम के उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु एवं निरंतर जनसेवा कार्यों के लिए मंगलकामनाएं व्यक्त कीं।

# सड़क सुरक्षा अभियान तेज: राजनगर एक्सटेंशन में 15 अवैध डिवाइडर कट बंद

कपिल चौहान




**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** सड़क सुरक्षा को मजबूत करने और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से गाजियाबाद यातायात पुलिस द्वारा रविवार को राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस आयुक्त के निर्देश पर यातायात निरीक्षक नवम के नेतृत्व में रोटरी गोलचक्कर से सिटी फॉरेस्ट तक अवैध डिवाइडर कटों का व्यापक निरीक्षण किया गया।

अभियान के दौरान कुल 15 ऐसे स्थान चिन्हित किए गए, जहां स्थानीय लोगों द्वारा डिवाइडर तोड़कर अनधिकृत कट बनाए गए थे। इन अवैध कटों के कारण वाहन चालक गलत दिशा में आवागमन कर रहे थे, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ रही थी।

यातायात पुलिस ने सभी चिन्हित स्थानों पर जर्सी बैरियर (RCC बैरियर) लगाकर उन्हें पूरी तरह बंद करा दिया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य सड़क पर अनियंत्रित यातायात को रोकना और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

यातायात पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे इन बंद किए गए कटों को पुनः न खोलें और यातायात नियमों का पालन करते हुए जिम्मेदारी दिखाएं।

इसके अतिरिक्त पुलिस ने जनता से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि यदि कहीं भी अवैध डिवाइडर कट दिखाई दे या यातायात व्यवस्था सुधारने संबंधी कोई सुझाव हो, तो इसकी सूचना यातायात पुलिस के हैंडल @Gzbtrafficpol या हेल्पलाइन नंबर 9643322904 पर दी जा सकती है। यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया कि गाजियाबाद में सड़क सुरक्षा और सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए ऐसे अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

# ग्रेटर नोएडा में बड़ी कार्रवाई: 40 करोड़ की सरकारी जमीन कब्जामुक्त, अवैध कॉलोनी ध्वस्त



वेलकम इंडिया संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा।** प्राधिकरण ने अधिसूचित क्षेत्र ननवा का राजपुर में बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 20 हजार वर्ग मीटर भूमि पर किए गए अवैध निर्माण को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। इस जमीन की अनुमानित कीमत करीब 40 करोड़ रुपये आंकी गई है। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर यह अभियान चलाया गया। भूलेख एवं परियोजना विभाग की संयुक्त टीम ने शनिवार को मौके पर पहुंचकर अवैध प्लॉटिंग और निर्माण को हटाया। अधिकारियों के अनुसार, खसरा नंबर 156 एवं आसपास की भूमि पर कालोनाइजरों द्वारा अवैध रूप से प्लॉटिंग कर कब्जे का प्रयास किया जा रहा था। इस कार्रवाई के दौरान पूरी कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया गया। महाप्रबंधक एके सिंह ने बताया कि कुछ भू-माफिया अधिसूचित भूमि पर अवैध निर्माण कर कब्जा जमाने की कोशिश कर रहे थे, जिसे समय रहते रोक दिया गया। एसीईओ सुमित यादव ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि अधिसूचित क्षेत्रों में बिना अनुमति या स्वीकृत नक्शे के कोई भी निर्माण या कॉलोनी विकसित करने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम जनता से अपील की कि किसी भी जमीन की खरीद से पहले ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के भूलेख विभाग से पूरी जानकारी अवश्य प्राप्त करें, ताकि वे अवैध कॉलोनियों में अपनी मेहनत की कमाई न फंसाएं। यह कार्रवाई भूलेख विभाग के ओएसडी रामनयन सिंह के नेतृत्व में वरिष्ठ प्रबंधक नागेंद्र सिंह एवं अन्य अधिकारियों द्वारा प्राधिकरण के सुरक्षा कर्मियों की मौजूदगी में की गई। करीब दो घंटे चले इस अभियान के बाद अधिकारियों ने दोबारा अवैध निर्माण करने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

# गाजियाबाद में हिन्दू संगठनों की बैठक सम्पन्न, संगठन विस्तार और बूथ स्तर तक मजबूती पर जोर






कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल महानगर गाजियाबाद की एक महत्वपूर्ण बैठक शिव कुटी मंदिर, सेक्टर-11, प्रताप विहार में सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन की आगामी रणनीति, हिन्दू समाज की एकजुटता एवं युवा शक्ति के विस्तार को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में रोहन सक्सेना एवं डॉ. अंजली सैनी उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता विकास सैनी ने की।

मुख्य वक्ता रोहन सक्सेना ने कहा कि समाज को संगठित एवं जागरूक बनाने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को घर-घर तक पहुंचकर राष्ट्र एवं धर्महित के कार्यों को आगे बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा कि संगठन निरंतर हिन्दू समाज की सुरक्षा, संस्कृति और राष्ट्रहित के लिए कार्यरत रहेगा। संयुक्त क्षेत्र अध्यक्षा डॉ. अंजली सैनी ने कहा कि महिलाओं एवं युवतियों की भागीदारी संगठन की शक्ति है, और समाज में संस्कार व सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के लिए सभी को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

अध्यक्ष विकास सैनी ने कहा कि संगठन को महानगर स्तर से लेकर बूथ स्तर तक मजबूत करने की दिशा में कार्य तेजी से किया जाएगा तथा समाज के प्रत्येक वर्ग को जोड़ने का अभियान जारी रहेगा। बैठक में हिमांशु अरोड़ा, अशोक अग्रवाल, अशोक राणा, मोहित चौधरी, प्रथम ठाकुर, सूर्या शर्मा, विनीत गोयल, मोनू पाल, शंकर लाल, सुनील, अमन, राजन अरोड़ा, संचित गोयल, शुभम गोयल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अंत में सभी कार्यकताओं ने संगठन विस्तार एवं आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने हेतु पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

# मदर्स डे पर कविनगर में महिला सुरक्षा का संदेश-मिशन शक्ति टीम ने दी पुलिस सहायता सेवाओं की विस्तृत जानकारी




वेलकम इंडिया संवाददाता



**गाजियाबाद।** जानकी भवन, रामलीला ग्राउंड, कविनगर में मदर्स डे के अवसर पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में श्रीमती प्रियाश्री पाल, सहायक पुलिस आयुक्त, वेव सिटी के नेतृत्व में मिशन शक्ति एवं पिंक बूथ टीम द्वारा उपस्थित महिलाओं को पुलिस सहायता एवं सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गईं।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा किसी भी प्रकार की असुविधा, अपराध या असुरक्षा की स्थिति में तुरंत पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया। टीम द्वारा महिलाओं को आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी दी गई, जिसमें 112, 1090, 181 एवं 1930 जैसे महत्वपूर्ण नंबर शामिल हैं। इस अवसर पर महिलाओं को साइबर अपराध, घरेलू हिंसा एवं अन्य सामाजिक सुरक्षा मुद्दों के प्रति भी जागरूक किया गया तथा उन्हें निडर होकर पुलिस सहायता लेने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सुरक्षित वातावरण प्रदान करना तथा समाज में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

# अब पढ़ाई होगी स्मार्ट, 200 विद्यार्थियों को मिले डिजिटल टैबलेट

## सांसद अतुल गर्ग और विधायक संजीव शर्मा ने विद्यार्थियों को किया प्रेरित

वेलकम इंडिया संवाददाता




**गाजियाबाद।** शिक्षा को डिजिटल युग से जोड़ने की दिशा में शहर विधानसभा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत आयोजित टैबलेट वितरण कार्यक्रम में करीब 200 छात्र-छात्राओं को आधुनिक तकनीकी संसाधनों से जोड़ा गया। कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व योजना के अंतर्गत रविवार को आयोजित इस कार्यक्रम में सांसद अतुल गर्ग एवं शहर विधायक संजीव शर्मा ने उत्सव भवन पहुंचकर विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित किए और उन्हें डिजिटल शिक्षा के माध्यम से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। यह कार्यक्रम ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा प्रदान की गई वित्तीय सहायता से आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से सामान्य परिवारों के विद्यार्थियों को तकनीकी संसाधन उपलब्ध कराकर शिक्षा के क्षेत्र में समान अवसर प्रदान करना है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं स्थानीय नागरिकों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक और तकनीक आधारित बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आज का दौर डिजिटल ज्ञान का है और यदि छात्र आधुनिक तकनीक से जुड़ेंगे तो वे राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम बनेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच को सफलता की कुंजी बताते हुए जीवन में बड़े लक्ष्य निर्धारित करने का संदेश दिया। सांसद ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल शिक्षा उपलब्ध कराना नहीं बल्कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक शिक्षा से जोड़ना है। टैबलेट जैसे डिजिटल उपकरण छात्रों को ऑनलाइन अध्ययन, ई-लर्निंग सामग्री, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और नई तकनीकी जानकारी प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से तकनीक का सदुपयोग कर अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने की अपील की। वहीं शहर विधायक संजीव शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा राष्ट्र निर्माण की सबसे मजबूत नींव है। उन्होंने कहा कि बदलते समय में विद्यार्थियों को आधुनिक संसाधनों से जोड़ना समाज और जनप्रतिनिधियों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि शहर विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा, विकास और युवाओं के सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए लगातार योजनाएं लागू की जा रही हैं। विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि आज का युवा ही डिजिटल भारत का भविष्य है और तकनीकी शिक्षा के माध्यम से छात्र नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से मन लगाकर पढ़ाई करने, अपने माता-पिता का सम्मान करने और क्षेत्र तथा देश का नाम रोशन करने का आह्वान किया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि विद्यार्थियों की सुविधा और बेहतर भविष्य के लिए हर संभव प्रयास जारी रहेंगे ताकि कोई भी छात्र आधुनिक शिक्षा से वंचित न रहे। कार्यक्रम के दौरान मीडिया प्रभारी अजय चोपड़ा ने बताया कि इस प्रकार की पहल विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ शिक्षा स्तर में गुणात्मक सुधार लाने में सहायक सिद्ध होती है। उन्होंने कहा कि सांसद और विधायक के नेतृत्व में शहर विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा, विकास और जनसेवा से जुड़े कार्य लगातार गति पकड़ रहे हैं और आने वाले समय में युवाओं के लिए और भी योजनाएं लाई जाएंगी। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र मित्तल, मंडल अध्यक्ष महीम गुप्ता, धर्मेंद्र चौधरी, वरुण नागर, हेमराज माहौर, पवन शर्मा तथा पार्षद नीरज गोयल, उदित मोहन, विनील दत्त, अभिषेक मोंटी, धर्मेंद्र नागर, कन्हैया, राजकुमार, आशुतोष शर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त पवन शर्मा, अक्षय, अंकित कुणाल, संदीप पाल, संजय, गौरव, अमन, संदीप शर्मा, आशु कौशिक, शिवम शुक्ला सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक कार्यक्रम में शामिल हुए। अभिभावकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि डिजिटल संसाधनों की उपलब्धता से विद्यार्थियों को बेहतर अध्ययन वातावरण मिलेगा और वे नई तकनीकों से परिचित हो सकेंगे। कार्यक्रम में उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का माहौल देखने को मिला, जहां विद्यार्थियों के चेहरों पर भविष्य को लेकर नई उम्मीद और आत्मविश्वास साफ नजर आया। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने कहा कि शिक्षा और तकनीक का समन्वय ही भविष्य की सबसे बड़ी आवश्यकता है। टैबलेट वितरण जैसे प्रयास न केवल विद्यार्थियों को डिजिटल दुनिया से जोड़ते हैं बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम भी साबित होते हैं। शहर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित यह कार्यक्रम शिक्षा के डिजिटल विस्तार और युवा सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल के रूप में सामने आया।

# पुरानी रंजिश में मां-बेटे पर जानलेवा हमला, बेटे की हालत गंभीर; चार पर केस दर्ज

वेलकम इंडिया संवाददाता



**ग्रेटर नोएडा।** दनकौर कोतवाली क्षेत्र के अट्टा फतेहपुर गांव में पुरानी रंजिश के चलते एक परिवार पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। हमले में मां और बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि बेटे की हालत नाजुक बताई जा रही है। पीड़ित असरफ ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शनिवार रात वह घर से बाहर थे, तभी उनके सगे भाई सहित चार लोगों ने रंजिश के चलते उनके घर पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने उनकी पत्नी फरजाना और बेटे मोहम्मद कैफ के साथ बेरहमी से मारपीट की।

हमले में मोहम्मद कैफ को गंभीर चोटें आईं, जिन्हें पहले ग्रेटर नोएडा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन हालत बिगड़ने पर डॉक्टरों ने उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उसका उपचार जारी है और स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। पीड़ित के अनुसार, आरोपियों के साथ पहले भी विवाद हो चुका है और पुरानी रंजिश के चलते ही इस वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी जरीफ, जुनैद, सुहेल और सैफ अली खान के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है तथा आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।